सूर्योदय 5:26 सूर्यास्त 7:09

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 28.3 अधि |
| धर्मशाला | 22.5 न्यू | 34.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73953.31 |
| निफ्टी | 22529.05 |
| सोना | 74,510 |
| चांदी | 95,855 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 22 मई, 2024 | 9 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 154, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र अपील: छोड़कर सारे काम, आओ मिलकर करें मतदान



# लू से झुलसा हिमाचल, 10 जिलों में अलर्ट

## 27 मई तक राहत के आसार नहीं, मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




**हिमाचल** प्रदेश के मैदानी व कम ऊंचाई वाले जिलों में प्रचंड गर्मी का दौर जारी है। लू के थपेड़ों से पूरा हिमाचल झुलस गया है। हीटवेव का असर पहाड़ी क्षेत्रों में भी नजर आ रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के 10 जिलों के कई भागों में अगले पांच दिन तक इसी तरह लू जारी रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम ही हैं।

राज्य के सभी भागों में 27 मई तक चटख धूप खिलने का पूर्वानुमान है। ऐसे में पारा और चढ़ने की संभावना है। वहीं, राजधानी शिमला में हल्की बारिश से मंगलवार को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। शिमला का तापमान सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक है।

### बीमारियों से जूझ रहे लोगों को बचने की सलाह

**मौसम** विभाग ने 25 मई तक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिले के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों को गर्मी के संपर्क में आने से बचने के लिए हल्के रंग वाले, ढीले, सूती कपड़े पहनने सहित अपने सिर को ढकने, कपड़ा, टोपी या छाते का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। मौसम विभाग ने बीमारियों से जूझ रहे लोगों को गर्मी के संपर्क में आने से बचने की सलाह दी है।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 42.4° |
| नेरी | 42.2 |
| बिलासपुर | 40.8 |
| हमीरपुर | 38.7 |

### न्यूनतम तापमान

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिमला | 15.4 | हमीरपुर | 17.2 |
| सुंदरनगर | 15.8 | चंबा | 16.7 |
| भुंतर | 13.3 | डलहौजी | 19.7 |
| कल्पा | 7.8 | कुफरी | 11.6 |
| धर्मशाला | 22.5 | कुकुमसेरी | 5.6 |
| ऊना | 20.0 | नारकंडा | 9.4 |
| नाहन | 22.1 | रिकांगपिओ | 10.1 |
| केलांग | 5.4 | धौलाकुआं | 21.0 |
| पालमपुर | 19.5 | कसौली | 22.4 |
| सोलन | 15.8 | पांवटा | 27.0 |
| मनाली | 11.6 | देहरा | 26.0 |
| कांगड़ा | 19.4 | ताबो | 5.7 |
| मंडी | 16.3 | सैंज | 14.9 |
| बिलासपुर | 18.7 | बजौरा | 13.0 |

# यौन उत्पीड़न मामले में बृज भूषण के खिलाफ आरोप तय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** के कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों की ओर से दायर एक आपराधिक मामले में यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय किए।



बृज भूषण ने अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष खुद को निर्दोष बताया और सुनवाई की मांग की। कोर्ट ने बृज भूषण सिंह से पूछा कि क्या आप गलती मानते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि सवाल ही नहीं है, गलती की नहीं की तो मानूं क्यों? उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद बृज भूषण को उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं दिया गया था। इस सीट से उनके बेटे करण भूषण सिंह को मैदान में उतारा है।

- कोर्ट ने पूछा, आप गलती मानते हैं
- भूषण बोले- गलती की ही नहीं, तो क्यों मानूं

### विनोद तोमर भी करेंगे ट्रायल का सामना

**महिला** पहलवानों से यौन शोषण के मामले में बृजभूषण के सहयोगी विनोद तोमर भी ट्रायल का सामना करेंगे। बृजभूषण के सहयोगी विनोद तोमर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को मानने से इनकार किया है। विनोद तोमर ने कहा कि हमारे पास सबूत हैं।

## एलिमिनेटर

राजस्थान रॉयल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (अहमदाबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी है। वहीं, दिल्ली हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने उन्हें हफ्ते में एक दिन बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी है।

### एनआईए ने 11 स्थानों पर की छापेमारी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु और कोयंबटूर समेत करीब 11 लोकेशन पर रेड डाली। एनआईए ने कुमारस्वामी लेआउट और बनशंकरी में छापेमारी की। एजेंसी ने जाफर इकबाल और नयन सादिक नाम के डॉक्टरों के कोयंबटूर स्थित दो घरों पर छापा मारा है। इस मामले में ब्लास्ट को अंजाम देने वाले दो आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार हो चुके हैं। एनआईए ने कर्नाटक राज्य के प्रैक्टिसिंग डॉक्टर जाफर इकबाल और नयन सादिक साईं के घर की भी तलाशी ली है।

### कश्मीर में 3 आतंकी छिपे, सर्च ऑपरेशन जारी

**पुलवामा।** कश्मीर के पुलवामा के त्राल अरी पुल इलाके में सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम को तीन आतंकवादियों के छिपे होने की सूचना मिली है। सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों ने बताया कि आतंकवादी भागने में सफल रहे हैं, जिनकी घेराबंदी की गई है। इलाके की ओर जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया गया है। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में इन दिनों लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और आतंकी लगातार सक्रिय हैं। यह कदम किसी न किसी तरह से चुनाव को बाधित करने का प्रयास है।

### महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में तीन गिरफ्तार

**मुंबई।** महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले में पुणे पुलिस ने नारायण गांव में कॉल सेंटर चलाने वाले तीन मुख्य आरोपितों को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस मामले में कुछ दिन पहले नारायण गांव में चल रहे कॉल सेंटर पर छापा मारकर 90 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस दौरान कॉल सेंटर के संचालक फरार हो गए थे। कुछ दिन बाद यह तीनों मध्य प्रदेश पहुंच गए। मुखबिरों की सूचना पर तीनों को मध्य प्रदेश में दबोच।

### पूर्व जज अभिजीत के चुनाव प्रचार पर रोक



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अश्लील टिप्पणी करने के आरोप में चुनाव आयोग ने कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जज और राज्य की तमलुक सीट पर भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे की रोक लगा दी है।

## अनंत व्यंग्य




# बाबा साहेब नहीं होते तो नेहरू जी एससी एसटी को आरक्षण नहीं मिलने देते : मोदी

## कहा- विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा

**एजेंसी, चंपारण**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर नहीं होते तो पंडित जवाहरलाल नेहरू जी अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) को आरक्षण नहीं मिलने देते।

विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति और सनातन विरोधी सोच के साथ खड़ा है और चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के साथ ही इन सभी को बड़ा झटका लगेगा। नेहरू जी से लेकर राजीव गांधी तक इस परिवार के जितने प्रधानमंत्री हुए, सबने ओबीसी आरक्षण का विरोध किया।

### गाली देने के सिवाय कोई मुद्दा नहीं

**मोदी** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर परोक्ष निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा होते हैं, उन्हें पता नहीं होता कि मेहनत क्या होती है। मैंने सुना है कि यहां कोई घूम-घूम कर कह रहा है कि 4 जून के बाद मोदी 'बेड रेस्ट' पर जाएंगे। मैं तो परमात्मा से यही कामना करता हूं कि देश के किसी भी नागरिक के जीवन में 'बेड रेस्ट' की नौबत नहीं आनी चाहिए। आपने देखा होगा कांग्रेस वाले क्या कहते हैं, मोदी तेरी कब्र खुदेगी। कांग्रेस के पास एक ही वोट बैंक आज बचा है और वे उसे खुश करने के लिए एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण धर्म के आधार पर आपसे छीनकर 'वोट जिहाद' वालों को देना चाहते हैं। संविधान इसकी इजाजत नहीं देता, इसलिए संविधान बदलना चाहते हैं। मोदी का ट्रैक रिकॉर्ड आपके सामने है। 10 साल में करीब-करीब चार सौ सांसदों का हमें समर्थन रहा, जिसका उपयोग पिछड़ों, वंचितों को सशक्त करने के लिए किया गया है। राजग ने पहले दलित बेटे को और फिर हमारे देश की आदिवासी बेटी को संविधान के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर बिठाया।

# कोर्ट ने राहुल गांधी को भेजा समन



**रांची।** लोकसभा चुनाव पूरा होने से पहले ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। चार साल पुराने एक मामले में कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी को कोर्ट ने समन जारी किया है।

यह समन रांची के एमपीएमएलए कोर्ट से जारी किया है। दरअसल, राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता नवीन झा ने केस दायर किया था, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि मार्च 2018 को राहुल गांधी ने कांग्रेस महाधिवेशन के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की छवि धूमिल की है। राहुल के खिलाफ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में अवमानना का केस रांची और चाईबासा में किया गया था।

# दो सगे भाइयों ने नाबालिग युवती से किया दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** जिले के कुपवी थाने के तहत 17 साल की नाबालिग युवती के साथ दो सगे भाइयों ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने एक अधेड़ समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़िता के मामा की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। पीड़िता सिरमौर जिले की रहने वाली है।



- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- पीड़िता का करवाया मेडिकल

पीड़िता के मामा ने बताया कि भानजी को कुपवी के एक व्यक्ति ने कुपवी में ही रहने वाले दो सगे भाइयों के घर भेजा। आरोपियों ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और गर्भवती हो गई। दोनों भाइयों और एक अन्य शख्स ने भानजी से मारपीट भी की है, जिसके कारण उसे चोटें आई हैं। पीड़िता का चिकित्सा परीक्षण करवाया गया है और बयान दर्ज किए हैं। पुलिस उपाधीक्षक चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

# सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में टर्बुलेंस से पैसेंजर की मौत

**बैंकॉक।** सिंगापुर एयरलाइन की फ्लाइट में एयर टर्बुलेंस की वजह से एक यात्री की मौत हो गई। 30 घायल हो गए। फ्लाइट लंदन से सिंगापुर जा रही थी। सिंगापुर एयरलाइन्स की बोइंग 777-300ई फ्लाइट ने लंदन से उड़ान भरी थी। टेकऑफ के डेढ़ घंटे बाद 30 हजार फीट पर एयर टर्बुलेंस आया। फ्लाइट जोर से हिलने लगी।

इसके बाद फ्लाइट करीब 10 घंटे तक उड़ान भरती रही। एक पैसेंजर की मौत के बाद उसे सिंगापुर से पहले बैंकॉक में उतारा गया। फ्लाइट को भारतीय समयानुसार दोपहर 2:15 बजे बैंकॉक डायवर्ट किया गया। यहां के सुवर्नभूमि एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट दोपहर 3:40 बजे सिंगापुर लैंड होने वाली थी।

# कांग्रेस का चरित्र और चेहरा जानती है दुनिया : अनुराग

## कहा- चीन और पाकिस्तान की कठपुतली बनकर सेना को किया कमजोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा पूरी दुनिया जानती है। आजादी के बाद कांग्रेस ने रक्षा में जिस बड़े स्तर पर दलाली की है, उससे कांग्रेस का मन अभी भी भरा नहीं है। दलाली खाने की उसकी नीयत में कोई फर्क नहीं पड़ा है। तभी तो बेवजह के आरोप भाजपा पर इसके नेता लगाते रहते हैं।

अनुराग मंगलवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बड़सर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल और स्वयं के लिए वोट मांगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेता सेना की सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं, वे देश को क्या ज्ञान बांट रहे हैं? भारतीय सेना जब डोकलाम में चीनी सेना को मुंहतोड़ जवाब दे रही थी, तो कांग्रेस नेता चीनियों के साथ बंद कमरे में गुफ्तगू कर रहे थे। कांग्रेस का चीन के साथ क्या समझौता हुआ है, उससे कितने करोड़ लिए हैं। कांग्रेस के लोग चीन की पार्टियों से पैसा ऐंठ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चीन और पाकिस्तान की कठपुतली बनकर सेना को कमजोर किया है। राहुल गांधी ने चीन से क्या लिया है, इसको जगजाहिर करना समय की जरूरत है। कांग्रेस ने चीन से कितना पैसा लिया है और कौन से हस्ताक्षर बंद कमरे में किए हैं?



बुजुर्ग महिला से आशीर्वाद लेते अनुराग ठाकुर।

लखनपाल और खुद के लिए जनता से मांगे वोट

### हिमाचल को दिए 1700 करोड़

**अनुराग** ने कहा कि आपदा के समय हिमाचल प्रदेश को केंद्र की ओर से 1700 करोड़ रुपए दिए गए। नुकसान आंकने के लिए दो हेलिकॉप्टर भेजे गए। 13-13 एनडीआरएफ की टीमें भेजी गई। मनरेगा के द्वार खोले गए। केंद्र सरकार की ओर से बीस हजार मकान लोगों को वितरित किए गए हैं। देश की जनता का मोह कांग्रेस से भंग हो चुका है और रही सही कसर इन चुनावों में पूरी हो जाएगी। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल, बड़सर के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, जिला परिषद सदस्य राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के निशाने पर बागी लखनपाल, जनता सिखाएगी सबक

# जुबान मीठी, दिल काला : सुक्खू

**विक्रम ढटवालिया, बिझड़ी**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पार्टी के पूर्व बागी विधायक इंद्रदत्त लखनपाल पर निशाने पर लिया है। उन्होंने मंगलवार को चकमोह, बिझड़ी, महारल व धंगोटा में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बड़सर के बिके हुए पूर्व विधायक की 'जुबान मीठी है और दिल काला' है।

धन हारेगा और जनता जीतेगी। लोगों ने बागियों और भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। सुभाष ढटवालिया ईमानदार हैं, उनकी लड़ाई बेईमान से है। बेईमान, ईमानदार से बार-बार टकराएगा, लेकिन जीत ईमानदारी की होगी। राज्यसभा चुनाव के दिन ब्रेकफास्ट व पिछली रात डिनर हमारे साथ किया, लेकिन अपना ईमान भाजपा को बेच चुके थे। उन्हें हमारा सम्मान नहीं, भाजपा के सामान से भरा अटैची चाहिए था। दो खनन माफिया हमीरपुर जिले के विधायक थे, अब भाजपा में जा चुकेद हैं। मैंने भू-माफिया, खनन और नशा माफिया पर शिकंजा कसा तो उन्हें बहुत तकलीफ हुई।

हमीरपुर जिले के तीन विधायक 15-15 करोड़ रुपए से अधिक में बिके हैं, उसमें से एक छोटा अटैची ही अंदर आया है, बाकी ब्रीफकेस अंदर नहीं आ रहे, हमने प्रदेश की सीमाएं सील की हैं, बिकाऊ विधायक बाकी अटैची के लिए तरसते रहेंगे। लखनपाल की हर मांग मानी गई। सड़कों को चौड़ा करने के टेंडर तक हो चुके। (अनंत ज्ञान)



मंच पर महिला कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### फिर फिसली जुबान

**सीएम** की बिझड़ी की जनसभा में मंगलवार को एक बार फिर जुबान फिसल गई। वे हमीरपुर संसदीय सीट से पार्टी के प्रत्याशी सतपाल रायजादा को स्थानीय विधायक बोल गए। इसकी तुरंत करेक्शन कर ली।

## नुकसान — फायर ब्रिगेड की टीमें देर रात तक आग पर काबू पाने की करती रही मशक्कत, कोई जानी नुकसान नहीं

# बद्दी में भीषण आग से कबाड़ का गोदाम राख

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**औद्योगिक** क्षेत्र बद्दी का ठाणा स्थित कबाड़ का गोदाम भीषण आग लगने से राख हो गया। आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग मंगलवार सुबह लगी, जो देर रात तक बुझ नहीं पाई थी। फायर डिपार्टमेंट बद्दी और नालागढ़ की टीमें आग पर काबू पाने के लिए जुटी हुई थीं।

फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। कबाड़ के गोदाम में सुबह करीब 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें रवाना हुई। गनीमत रही कि आग से जानी नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि जिस समय आग लगी आधा दर्जन के करीब कामगार तुरंत जान बचाने के लिए बाहर निकले। फायर ऑफिसर बद्दी हेमराज ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली कि कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई है। फायर ब्रिगेड की टीमों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि देर शाम तक बुझ नहीं पाई। अभी नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के ठाणा स्थित कबाड़ गोदाम में लगी भीषण आग।

### दस्तावेजों की होगी जांच : सोनाक्षी

**बीबीएनडीए** सीईओ सोनाक्षी तोमर ने बताया कि घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है और फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पा रही है। कबाड़ गोदाम के मालिक के पास क्या-क्या परमिशन थी, उसकी जांच की जा रही है। अवहेलना पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी।

# अमेरिका और जापान ने किया रूस का विरोध, प्रस्ताव खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अंतरिक्ष** में हथियार भेजने की होड़ पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने वाला रूस का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने खारिज कर दिया। इस प्रस्ताव के पक्ष में केवल 7 वोट डाले गए थे। प्रस्ताव पास करने के लिए कम से कम 9 वोटों की जरूरत थी।

अमेरिका ने कहा कि रूस ने पिछले सप्ताह एक उपग्रह प्रक्षेपित किया था, जो अंतरिक्ष में हथियार भेजने का हिस्सा हो सकता है। अमेरिका और जापान सहित अन्य सहयोगियों ने रूस पर ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। सुरक्षा परिषद के सदस्य देश भविष्य में संभावित इस वैश्विक चलन की निंदा कर रहे हैं, लेकिन इसके खिलाफ कदम उठाने में विफल साबित हुए हैं। प्रस्ताव में हथियारों पर चर्चा की गई।

### ध्यान भटकाने की चाल को रूस ने किया खारिज

**अमेरिका** के उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने कहा कि हमारे सामने जो प्रस्ताव रखा है, वह रूस का ध्यान भटकाने की चाल है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने इस तथ्य को खारिज किया। इस प्रस्ताव पर मतदान हमारे पश्चिमी सहयोगियों के लिए सच सामने लाने वाला एक महत्वपूर्ण क्षण है। चीन और अन्य देशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### मौसम बदलने लगा है




**मौसम** बदलने लगा है। बारिश वाले मौसम की बात नहीं हो रही है। चुनावी मौसम की बात चल रही है। इस मौसम के बदलने से बरसाती मेंढकों की आवाज कुछ मंद पड़नी शुरु हो जाती है। ऐसे वाला मौसम बदलने लगा है। मेंढकों की आवाज मंद पड़ चुकी है। तालाब में पानी सूखने लगा है और आसमान पर बादल भी नहीं दिखे हैं। शीशे की तरह मौसम साफ दिख रहा है, पता चल चुका है कि बारिश और धुंध छंट चुकी है। अब कुछ के दावों की पोल खुलेगी तो कुछ अपने दावों पर और मजबूत होंगे। मौसम बदलने के साथ मौसम का अनुमान लगाकर फसल लगाने वाले भी सक्रिय हो उठे हैं। कल तक जो बरसात होने की बात करते थे अब वे मौसम साफ रहने की बात करने लगे हैं। अपने ही पूर्वानुमान में कहीं न कहीं पिछड़ रहे हैं। रौनकी ताऊ भी चुनावी मौसम बदलते देख सक्रिय हो उठे हैं। ताऊ का कहना है कि चुनावी मौसम का सही अनुमान लगाने वाले ही तो सत्ता की मलाई खाते हैं। कार्यकर्ता तो वोट मांगकर पांच साल के लिए चले जाते हैं। हमने भी अब चुनावी मौसम के अनुमान लगाने की ले ली है उपाधि, सत्ता आने पर हमारी भी कमाई होगी नेता से आधी। रौनकी ताऊ ने चुनावी मौसम के मेंढकों की भी सुनाई है कहानी, बदलते मौसम में उनकी चार दिन तक होती है जवानी।

–राजेश शर्मा

### नाचने पर नहीं पाबंदी?

**नाचने** पर कोई पाबंदी थोड़े है। नाचने पर किसी का भी विशेष अधिकार नहीं है। नाचने का मन किसी का कभी भी कर सकता है। आप किसी को नाचते हुए रोक नहीं सकते। हो सकता है आपको जनता नचाना चाहती हो, यह भी हो सकता है कि नाचकर किसी के गरूर का जबाव देना चाहती हो। सियासी नाच बहुत मतलब देता है। ऐसे नाच से भय भी लगता है और मन में उमंग भी जगती है। अब हिमाचल में एक जगह हुए नाच में जो चेहरे बयां कर रहे थे, वे किसी को अपनेपन और किसी के बेगाने वाले व्यवहार को प्रदर्शित कर रहे थे।



अब कुछ ऐसा भी सोच रहे हैं कि नाचना ही था तो किसी मंच पर नाचते। सेरी के मंच पर कोई मेला लगा लेते। जीतने के बाद भी नाचने का मजा ले सकते थे। अब बीच चुनाव के नाचना एक कलाकार को शोभा देता है नेता को नहीं। यह मेरे मन के विचार नहीं है, यह शायद कोई ऐसा सोच रहा होगा? कलाकार का सामना करते हुए कहीं आप भी कलाकार तो नहीं बन गए हैं। हो सकता है कि आपकी चुनावों की फिल्म बाक्स आफिस में सुपरहिट चले और आपको बड़ी फिल्मों के ऑफर भी मिल जाएं। रौनकी ताऊ भी बड़ा उस्ताद है सेरी के मंच पर तो उसने पहले ही कब्जा कर रखा है। ऐसे में राजा बाबू के चाहने वालों को तो नाचना था उन्हें जहां अच्छा लगा वहां अपने नेता के साथ ठुमके लगा लिए। कलाकार को जबाव भी उनकी ही भाषा में दिया जा सकता है न।

# विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग पहुंचे साइकिल सवार

## 450 किलोमीटर का सफर तय कर साइकिल एक्सपीडिशन के माध्यम से लोगों को दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

52 मतदाताओं वाले विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में साइकिल सवार जसप्रीत व क्षितिज ने मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया। स्वीप गतिविधि के तहत हिमाचल प्रदेश चुनाव आयोग के स्टेट आइकन जसप्रीत पाल की अगुवाई में 14 मई से शुरू हुई साइकिल एक्सपीडिशन विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में संपन्न हुई।

इस अवसर पर एडीसी राहुल जैन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्पीति में साइकिल एक्सपीडिशन समुदो, हुरलिंग, लरी, ताबो, पोह, शिचलिंग, शेगो, काजा, लांगचा, कोमिक, हिक्किम से होते हुए अंतिम सुबह काजा सर्किट हाउस से एडीसी की अगुवाई में कई अधिकारियों के साथ साइकिल के माध्यम से मुनेस्लिंग स्कूल रंगरीक तक करीब नौ किलोमीटर का सफर करके पहुंचे।



टशीगंग में मतदाताओं को मतदान के बारे में जागरूक करते साइकिल सवार।

इस मौके पर स्कूली प्रबंधन की ओर से भव्य स्वागत किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीसी राहुल जैन ने कहा कि पहली बार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए करीब 450 किलोमीटर का सफर करके स्पीति पहुंचे हैं। हम सब स्पीतिवासियों को इस बार 80 फीसदी के करीब मतदान का रिकार्ड बनाना है। इसके साथ ही साइकिल सवार जसप्रीत पाल ने सभी बच्चों से आह्वान किया है कि मतदान के दिन अपने माता, पिता, भाई, बहन जिनका मत है, उन्हें एक जून को मतदान केंद्र पर अवश्य जाकर मतदान करने के लिए कहें। इसके बाद स्कूली बच्चों ने मानव शृंखला बनाते हुए करीब 200 मीटर सड़क के दोनों किनारें साइकिल राइडर जसप्रीत पाल और क्षितिज ठाकुर को रंगरीक से टंशीगंग के लिए रवाना किया। करीब चार बजे शाम को दोनों राइडर विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग पर पहुंचे। यहां पर टंशीगंग, गेते गांव के स्थानीय लोगों और कीह बौद्ध मठ के लामाओं ने स्वागत किया। मुन्सेलिंग स्कूल रंगरीक की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी हर्ष अमरेंद्र नेगी, तहसीलदार भूमिका जैन, सभी विभागाध्यक्ष, मुन्सेलिंग स्कूल के संस्थापक टशी नामज्ञाल सहित स्कूल स्टाफ, टशीगंग गेते गांव के स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### टशीगंग में 100 फीसदी मतदान हुआ तो फिर आऊंगा : जसप्रीत

**जसप्रीत** पाल ने कहा कि 14 मई को शिमला से चुनाव आयोग ने साइकिल एक्सीपीडिशन का हरी झंडी दी थी। उन्होंने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि चुनाव आयोग ने मुझे स्टेट आइकन बनाया और विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र तक तीन जिलों, जिनमें शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति शामिल हैं। इनमें लोगों को मतदाताओं को जागरूक करने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि यदि यहां पर 100 फीसदी मतदान हुआ तो मैं फिर टशीगंग यहां के मतदाताओं का आभार व्यक्त करने के लिए आवश्य आऊंगा।

# मंडी को देश का सर्वश्रेष्ठ संसदीय क्षेत्र बनाना प्राथमिकता : विक्रमादित्य

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस बार केंद्र में सरकार बदलने वाली है। नामधारी सिख गुरुद्वारा में माथा टेकने के बाद साइगलू, मझवाड़, सुहड़ा मुहल्ला, पुरानी मंडी, निचला खलियार में अपने चुनावी जन संपर्क में लोगों को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि राजनीति कोई पेशा नहीं है। यह एक जनसेवा है, जिसमें लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए दिन रात उनके बीच रह कर काम करना पड़ता है।



जनसभा के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ विक्रमादित्य।

**कहा- शिमला की तरह मंडी को बनाएंगे स्मार्ट सिटी**

उन्होंने कहा कि आपदा के समय उन्होंने स्वयं प्रभावित लोगों के दर्द को देखा और उसे पूरी तत्परता के साथ दूर किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह एक बड़े विजन के साथ इस चुनाव को लड़ रहे हैं। मंडी को देश का सर्वश्रेष्ठ संसदीय क्षेत्र बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिमला की तरह मंडी को भी स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके पिता प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने मंडी को सेंट्रल जोन का दर्जा देकर यहां कई सरकारी मुख्यालयों को खोला। मंडी को आईआईटी, मेडिकल कालेज जैसी बड़ी सौगातें उन्हीं की देन है। उन्होंने कहा कि सांसद के तौर पर उनकी माता प्रतिभा सिंह ने भी इस संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों को गति दी। उन्होंने कहा कि अब उन्हें यहां से सांसद बनने का मौका मिल रहा है और अगर वह सांसद बनते है तो वह अपने सभी उत्तरदायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री के नाते उन्होंने प्रदेश में सड़कों के रखरखाव और इनके निर्माण के लिए केंद्र से 3560 करोड़ स्वीकृति करवाएं। (अनंत ज्ञान)

# विक्रमादित्य बिगड़ैल शहजादे, उनको महिला सम्मान का नहीं पता: कंगना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत ने मंगलवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान सिराज में दर्जन भर कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने चुनावी जनसंवाद के दौरान कहा कि पिछले एक दशक में देश का कायाकल्प हुआ है।



सिराज में पूर्व मुख्यमंत्री व कंगना रनौत कार्यकर्ताओं के साथ।

**कहा- पिछले एक दशक में देश का कायाकल्प हुआ है**

आज देश का हर एक व्यक्ति देश की तरक्की में सहयोगी बनना चाहता है। पिछले एक दशक में देश ने एक काले अध्याय को पीछे छोड़ कर अमृतकाल का सफर तय किया है और 2047 तक भारत की आजादी के 100 वर्षों पर एक विकसित भारत बनाने का स्वप्न हर देशवासी देख रहा है। यह मात्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज देश में नक्सलवाद, आतंकवाद जैसी बड़ी चुनौतियों से उभरा है जहां भारतीय सेना आज घर में घुस कर मारती है, वहीं केंद्र की मजबूत सरकार पीओके को वापस लेने का संकल्प भी और मजबूत करती है। कांग्रेस के पास न नेता है नीति वह केवल मात्र तुष्टिकरण, परिवारवाद की राजनीति कर सकती। कंगना रनौत ने विक्रमादित्य पर हमला बोलते हुए कहा कि वह मात्र बिगड़ैल शहजादे हैं, उनको महिला सम्मान क्या होता है, शायद उनकी माता प्रतिभा सिंह ने नहीं सिखाया। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह ने देव समाज व देवी-देवताओं को राजशाही से एक स्तर नीचे बताया, आज उनका अहंकार उनके सिर चढ़ कर बोल रहा है।

विक्रमादित्य कहते हैं कि जिन मंदिरों में कंगना जा रही है, उन मंदिरों को पवित्र करवाना पड़ेगा। यह शब्दावली हिमाचल के देव समाज की नहीं, बल्कि उनके दिमाग की ऊपज है।

# झूठी बयानबाजी कर वोट मांग रही कांग्रेस : जयराम

**एमएम डैनियल, पांगी ( चंबा )**

कांग्रेस ने डेढ़ साल में प्रदेश में विकास का कोई काम नहीं किया और अब लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में काम के नाम पर वोट नहीं मांग पा रही है।

प्रदेश में कांग्रेस नेता सत्ता में रहने के बाद भी काम के नाम पर वोट मांगने के बजाय भाजपा प्रत्याशियों के ऊपर निजी आरोप लगाकर और निम्न स्तर की टिप्पणी करके वोट मांग रहे हैं। यह बात नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भरमौर विधानसभा के पांगी क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को चुनाव में मर्यादा याद रखनी चाहिए।



भरमौर के पांगी में जनसभा के दौरान जयराम ठाकुर व कंगना रनौत।


कांग्रेस इस बार 40 सीटें भी नहीं हासिल कर पाएगी, इसका अंदाजा कांग्रेस के नेताओं में मची भगदड़ देखकर आसानी से लगाया जा सकता है।

हिमाचल में हो रहे सभी चुनावों में भाजपा भारी मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से मुद्दाविहीन होकर मर्यादा के विपरीत आचरण कर रही है, उससे यह साफ हो गया है कि कांग्रेस ने हार मान ली है। (अनंत ज्ञान)

### 4 जून को विपक्षी गठबंधन की बनेगी सरकार : आलोक

**शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक शर्मा ने शिमला में भाजपा पर हमला बोला है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान आलोक शर्मा ने इस दौरान देश में विपक्षी गठबंधन की जीत का दावा किया और 325 से ज्यादा सीटें विपक्षी गठबंधन के खाते में आने की बात कही। आलोक शर्मा ने इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ध्रुवीकरण के आरोप लगाए। साथ ही मोदी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने 4 जून को विपक्षी गठबंधन सरकार आने के बाद भाजपा नेताओं के जेल जाने की भी बात कही। आलोक शर्मा ने दावा किया है कि 4 जून को विपक्षी गठबंधन अपनी सरकार बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने का मन बना लिया है। आलोक शर्मा ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन देश में 325 से ज्यादा सीट जीतेगा। आलोक शर्मा ने कहा कि 4 जून को आधी भाजपा में अफरातफरी होगी। उनके नेता जेल जाएंगे, जहां पत्थर उठाया जाएगा, वहां से भ्रष्टाचार सामने आएगा। उन्होंने कहा कि पांच चरण की वोटिंग के बाद भारतीय जनता पार्टी साउथ में साफ हो चुकी है और नॉर्थ में भी भाजपा की हाफ से कम सीट होने जा रही है।

# भाजपा केंद्र में आई तो बदल देगी संविधान : आनंद शर्मा



इंदौरा में जनसभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

यदि भाजपा इस बार केंद्र सरकार में आई तो अगली बार संविधान ही बदल जाएगा, इसके बाद कभी चुनाव नहीं होंगे। यह बात आनंद शर्मा विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में कही। अपने चुनावी दौरे के दौरान मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा जब इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के सूरजपुर गांव में पहुंचे तो उनका स्थानीय विधायक मलिंदर राजन, जिला कांगड़ा के कांग्रेस के अध्यक्ष करण सिंह पठानिया, मंडल अध्यक्ष दविंद्र मनकोटिया, कांग्रेस के वरिष्ठ पार्टी प्रवक्ता मनमोहन कटोच तथा पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस मौके पर आनंद शर्मा ने बीजेपी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भारत को अंग्रेजों के शासन से आजादी दिलाने में कांग्रेस का सबसे बड़ा हाथ था, तब बीजेपी पार्टी का जन्म भी नहीं हुआ था। अब बीजेपी वाले बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं कि हमने 10 साल में बहुत कुछ कर दिया। इन्होंने जो कुछ वादे किए थे, वह एक भी पूरा नहीं किया, जैसे उन्होंने चुनाव से पहले कहा था कि वह काला धन वापस लाएंगे, गैस सिलेंडर की कीमत कम करेंगे तथा 3 करोड़ लोगों को नौकरी देंगे, जिसमें एक भी वादा उन्होंने आज तक पूरा नहीं किया। उन्होंने इस मौके पर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी दो प्रधानमंत्री आंतकवाद की गोलियों का शिकार हुए तथा उन्होंने शहादत पाई उन्हें आज तक कभी भी शाहिद का दर्जा नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की आर्थिक नीतियों के चलते आज भारत की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। कांग्रेस राज में जो संविधान कांग्रेस पार्टी द्वारा दिया गया था, जिसके तहत आज हमें मत देने का अधिकार प्राप्त है, सब कांग्रेस की ही देन है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति एक विशेष तौर पर दो गुटों में बाटने की रही है। चाहे वह भाषा की हो या जातिवाद की हो। जैसे भाजपा वाले नारा दे रहे हैं कि अबकी बार 400 के पार, यदि वह 400 के पार हो गए तो संविधान ही बदल देंगे। इसके चलते उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के जुमले में न आएं तथा कांग्रेस को वोट दें। कांग्रेस पार्टी शुरू से ही गरीबों की मसीहा रही है। (अनंत ज्ञान)

# कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़: बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं और कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं। कांग्रेस कार्यकर्ता हर परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़ा रहा है। यह कार्यकर्ताओं की ही मेहनत रही कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की जनहितेशी सरकार बनी।

यह बात धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे धर्मशाला उपचुनाव प्रभारी एवं पर्यटन निगम चेयरमैन कैबिनट रैंक रघुवीर सिंह बाली ने कही। धर्मशाला उपचुनाव के मद्देनजर कांग्रेस से मंगलवार को कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। यह आयोजन धर्मशाला के अंतर्गत के निजी होटल में हुआ।



कार्यकर्ता सम्मेलन में आरएस बाली व कांग्रेस प्रत्याशी जग्गी।

कार्यकर्ता सम्मेलन में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी सहित जिला कांगड़ा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन में ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, बूथ कार्यकारिणी, पंचायत प्रतिनिधियों सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। रघुवीर सिंह बाली ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की शान हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद देवेंद्र सिंह जग्गी ने चुनाव प्रचार जारी रखा।

उन्होंने तंगरोटी, चामुंडा, कैंट व खनियारा में नुक्कड़ सभाएं कीं। इस दौरान करीब 65 लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा।

# सुख की सरकार में कर्मचारियों को कर्ज लेकर दिया जा रहा वेतन: सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा का चुनाव प्रचार जोरों पर है। मंगलवार को सुधीर शर्मा ने धर्मशाला के कई बूथों पर लोगों से वोट मांगे। उनके साथ चुनाव प्रभारी तथा कांगड़ा के विधायक पवन काजल भी मौजूद रहे।



जनसभा को संबोधित करते सुधीर शर्मा।

इस दौरान सुधीर शर्मा ने कहा कि आज प्रदेश में स्थिति ऐसी है कि युवाओं को रोजगार तो क्या मिलेगा, बल्कि कर्मचारियों की तनख्वाह भी कर्ज लेकर देनी पड़ रही है। एक तरफ तो महिलाओं को 1500 रुपए देने की बात सरकार करती है, तो दूसरी ओर कहती है कि खजाना खाली है। ऐसे में महिलाओं से बार-बार फॉर्म भरवाए जा रहे हैं, लेकिन हो कुछ नहीं रहा। सुधीर शर्मा ने कहा कि हमारी लड़ाई खासतौर पर विकास को लेकर थी। वहीं, चुनाव प्रभारी पवन काजल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को नेता इसलिए छोड़ रहे हैं क्योंकि पार्टी में कुछ नहीं बचा है। सुधीर शर्मा जैसे कद्दावर नेता को सुक्खू सरकार ने साइडलाइन किया। इसी के चलते सुधीर बीजेपी में आए। काजल ने कहा कि मौजूदा सरकार हर तरह के हथकंडे अपनाएंगे, लेकिन आने वाले 25 साल बीजेपी के हैं।

### झांसा राम बनकर रह गए सुक्खू : लखनपाल

**बिझड़ी।** मुख्यमंत्री केवल झांसा राम बनकर रह गए हैं, जहां कहीं भी वह चुनाव प्रचार में जा रहे हैं, वहां पर लोगों को उस क्षेत्र का सांसद व विधायक होने का झांसा दे रहे हैं, लेकिन लोग पूरी तरह से समझ चुके हैं कि जो आदमी मुख्यमंत्री बनकर अपने विधायकों के साथ ही तालमेल नहीं बिठा पाया वह लोगों को केवल झांसे ही दे रहा है। बल्याह और ननावां में जनसभा को संबोधित करते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आए दिन लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा से जुड़ रहे हैं, उससे यह बात स्पष्ट हो रही है कि अब लोग सुक्खू उर्फ झांसा राम के झांसे में नहीं आने वाले हैं। बिझड़ी में हुई मुख्यमंत्री की नुक्कड़ सभा में उपस्थित कामगारों की संख्या को देखते हुए उन्होंने लोगों को झांसा दे दिया। वहीं, बड़सर क्षेत्र के बल्याह व ग्राम पंचायत ननावां में दर्जनों परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा।

**सियासत** भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने झोंकी पूरी ताकत, डोर-टू-डोर कर रहे प्रचार

# प्रतिष्ठा का सवाल बनी शिमला संसदीय सीट

**अनंत ज्ञान, सोलन/ राजगढ़**

लोकसभा चुनाव के लिए अब केवल 10 दिनों का समय शेष बचा है। भाजपा व कांग्रेस ने शिमला संसदीय सीट पर चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। छोटे से लेकर बड़े नेता अपने-अपने स्तर पर फील्ड में दिन-रात एक कर रहे हैं। छोटे नेता डोर-टू-डोर तो बड़े नेता बूथ स्तर से लेकर विधानसभा क्षेत्र तक अपनी-अपनी ताकत झोंक रहे हैं, ताकि मतदाताओं को अपने पक्ष में मत डालने के लिए जागरूक किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश की शिमला लोकसभा सीट पर कांग्रेस के लिए अभी नहीं, तो कभी नहीं जैसी स्थिति है अगर ऐसा न कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। अगर इस समय सत्ताधारी पार्टी की बात करें तो पार्टी साल 2004 के बाद से इस सीट पर चुनाव नहीं जीत पाई है, जबकि शिमला ससंदीय क्षेत्र काफी लंबे समय तक कांग्रेस का गढ़ रहा है और यह सीट भी काफी लंबे समय तक कांग्रेस के कब्जे में रही है। अब यहां कांग्रेस को चुनौती सिर्फ हार की हैट्रिक से बचते हुए जीत हासिल करने की नहीं है, बल्कि हर चुनाव में कम हो रहे पार्टी के वोट प्रतिशत को बढ़ाने की भी है। यह हिमाचल प्रदेश शिमला संसदीय सीट एक मात्र आरक्षित सीट है। यहां बीजेपी ने सांसद सांसद सुरेश कश्यप को ही फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। साल 2012 और 2017 में लगातार दो बार सुरेश कश्यप ने विधायक का चुनाव जीता और पहली बार साल 2012 में कांग्रेस के दिग्गज नेता व 1982 के बाद लगातार विधायक रहे जीआर मुसाफिर को हराकर पच्छाद में भाजपा की जीत का रिकार्ड बनाया। सुरेश कश्यप का




सियासी सफर बीडीसी सदस्य के रूप में शुरू हुआ था। सुरेश कश्यप भारतीय वायुसेना में सेवाएं दे चुके हैं। साल 2019 में पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े और संसद पहुंचे सुरेश कश्यप को इस बार कड़ी टक्कर मिल सकती है। कांग्रेस ने मौजूदा विधायक विनोद सुल्तानपुरी को शिमला सीट से टिकट दिया है। विनोद सुल्तानपुरी 2012 और 2017 में विधानसभा चुनाव हार चुके हैं।

2022 में वह पहली बार विधायक बने और अब लोकसभा के रण में उतर गए हैं। उनके पिता केडी सुल्तानपुरी शिमला लोकसभा सीट से लगातार छह बार सांसद रहे, जो एक रिकॉर्ड है। कांग्रेस ने शिमला सीट पर विनोद सुल्तानपुरी को टिकट देकर दांव तो शानदार चला है, लेकिन इस दांव को जीत में बदलना बहुत बड़ी चुनौती होगा। इस लोकसभा क्षेत्र की 17 विधानसभा सीटों में से 13 सीटों पर कांग्रेस के विधायक हैं। भाजपा के पास सिर्फ तीन और एक विधायक केएल ठाकुर निर्दलीय हैं। पिछली बार लोकसभा चुनाव में सांसद सुरेश कश्यप लगभग 3 लाख 27 हजार 514 मतों से विजयी हुए थे। 17 विधानसभा क्षेत्रों में कोई ऐसा विधानसभा क्षेत्र नहीं था, जहां से भाजपा को लीड न मिली हो, यानी सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस किसी भी विधानसभा क्षेत्र से बढ़त नहीं बना पाई थी और अब इस बार वह कितने मत हासिल कर पाते हैं, जीत का रिकॉर्ड कायम रख पाते हैं या नहीं यह भविष्य के गर्भ में छिपा है। दूसरी तरफ कांग्रेस शिमला संसदीय सीट को भाजपा के कब्जे से छुड़ाने में सफल हो पाती है या नहीं।

मतदान का संदेश



चंबा : स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करते अधिकारी। इस दौरान लोगों ने शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

जागरूकता अभियान



चंबा : स्वीप कार्यक्रम के दौरान 'आओ शपथ लें' के बोर्ड पर हस्ताक्षर करती महिलाएं।

# हिमाचल में बुजुर्गों-दिव्यांगों के लिए शुरू हुआ घर-घर मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में कोई भी वोटर मतदान के अधिकार से वंचित न रहे और प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा मंगलवार से शुरू हो गई है। इसमें 85 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग सहित 40 फीसदी से अधिक विकलांगता वाले ऐसे दिव्यांगजन मतदाता घर पर ही वोट डाल सकेंगे, जिन्होंने भी चुनाव आयोग की होम वोटिंग की सुविधा के लाभ लेने के लिए फॉर्म 12 डी भरा है। ऐसे में ये मतदाता घर से ही वोट डालकर अपना सांसद चुनेंगे।

इसके अलावा आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों को गृह आरओ/एआरओ कार्यालय पर स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए फॉर्म 12 डी के माध्यम से निर्वाचन विभाग को 48,919 आवेदन किया है। घर से वोट करने के लिए सबसे अधिक 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने आवेदन किया है। प्रदेश में इस आयु वर्ग के कुल 60,835 में से 32,370 मतदाताओं से फॉर्म 12-डी भर कर घर से वोट डालने की इच्छा जताई है। वहीं कुल 57,775 दिव्यांगजन मतदाताओं में से 13,554 मतदाताओं ने घर से वोट डालने के लिए फॉर्म भरे हैं। इसी तरह से निर्वाचन विभाग को मतदान के दिन अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मचारियों के 2,995 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि होम वोटिंग के लिए मतदान की सुविधा 21 से 29 मई तक उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे में पात्र मतदाताओं की घर पर जाकर वोटिंग करवाई जाएगी। वहीं अनिवार्य सेवाओं पर तैनात कर्मचारी अपने गृह विधानसभा क्षेत्र, जहां के वे मतदाता हैं, में स्थापित पीवीसी में अधिसूचित तीन दिनों में से किसी एक दिन जाकर मतदान कर सकेंगे।

## हमीरपुर में बुजुर्ग-दिव्यांग वोटरों में उत्साह



प्रदेश में मंगलवार से शुरू हुई होम वोटिंग सुविधा के तहत हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में घर पर मतदान करते बुजुर्ग। इस दौरान बुजुर्गों में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के लिए 12-डी फार्म भरकर घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले जिला हमीरपुर के 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया मंगलवार से आरंभ हो गई।

संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि इस मतदान प्रक्रिया के लिए जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन में मोबाइल मतदान टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें पात्र मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करवाएंगी। इसके लिए पांचों विधानसभा क्षेत्रों में शेड्यूल बनाया गया है और इसी शेड्यूल के आधार पर ये टीमें सुबह 9 से सायं 5 बजे तक घर-घर जाएंगी।

उन्होंने बताया कि अगर पहली बार मतदान टीम को मतदाता घर पर नहीं मिलता है तो वह टीम दूसरी बार आने का संदेश छोड़कर वापस आ जाएगी। दूसरी बार जाने पर भी अगर मतदाता उपलब्ध नहीं होता है तो फिर उस मतदाता को मतदान के लिए कोई अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घर से मतदान की प्रक्रिया 26 मई तक पूर्ण कर ली जाएगी।

उधर, एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय स्वरूप, एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा, एसडीएम हमीरपुर मनीष कुमार सोनी, एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम और एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने बताया कि पहले दिन सभी बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने काफी उत्साह दिखाया।

## वरिष्ठ नागरिकों ने घर पर डाले वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी/धनोटू**

चुनाव आयोग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांग के लिए घर पर मतदान की व्यवस्था की गई है। इसी कड़ी में जिलाभर में पोलिंग पार्टी के सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर वोट डलवाए। मंडी में जया शर्मा (87) और महादेव गांव के रेशमू देवी (90) ने घर पर मतदान किया।

इस दौरान पोलिंग पार्टी द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत वोट डलवाने की प्रक्रिया अमल में लाई गई। वरिष्ठ नागरिकों को घर में ही वोट सुविधा के लिए रेशमू देवी ने चुनाव आयोग को साधुवाद दिया। पोलिंग पार्टी के आने पर बहुत से ग्रामीण भी उपस्थित रहे। कृष्ण चंद्र महादेविया ने पोलिंग पार्टी के माध्यम से चुनाव आयोग को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा वृद्ध व्यक्तियों को घरद्वार में ही वोट सुविधा देने के लिए धन्यवाद किया।



महादेव गांव में मतदान करने के दौरान रेशमू देवी और जया शर्मा।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



अपने मत का प्रयोग सूझ-बूझ से करें, किसी भी राजनीतिक बहकावे में न आएं आपका वोट कीमती है। आपका एक वोट आपके भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। आज बेरोजगारी सबसे मुख्य मुद्दा है। इसके लिए राजनेताओं को जमीनी स्तर मजबूत करना चाहिए। झूठ, लूट-खसूट की राजनीति बंद होनी चाहिए।

**-अभिषेक ठाकुर, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



हमारे संसदीय क्षेत्र में बीते 10 वर्षों में काफी काम हुआ है। बात चाहे स्वास्थ्य सुविधाओं की हो या बेहतर शिक्षा की। लोग भाजपा के साथ हैं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अनुराग ठाकुर को भारी मतों से जिताएंगे।

**-राजिंद्र काला संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा के कार्यकाल में कांग्रेस की तुलना में विकास हुआ है। बात चाहे स्वास्थ्य सुविधाओं की हो या बेहतर शिक्षा की। अभी रोजगार के क्षेत्र में ध्यान देने की आवश्यकता है। विधानसभा उपचुनाव में देवेंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़ के लिए एक सही नेतृत्व हैं।

**-प्रिति शर्मा, कुटलैहड़**



दुनिया में जिस प्रकार आज भारत का परचम लहरा रहा है। इससे गर्व से सीना चौड़ा हो जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के फौज के जवानों के भी हौसले बुलंद किए हैं। राम मंदिर का 500 साल पुराना हिंदुओं का अस्तित्व वापस भी मोदी ने ही दिलाया है। ऐसे में मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने का मौका मिलना चाहिए।

**-संदीप शर्मा, सोलन**



देश में चुनाव आते ही नेता लोग बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाते हैं। पर बाद में कुछ नहीं होता। आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। इस दिशा में कार्य करने वाली पार्टी को ही वोट मिलना चाहिए। किसान गरीब और युवाओं के लिए अभी बहुत किया जाना बाकी है।

**-पूनम, सोलन**



जनता महंगाई, बेरोजगारी व गरीबी से त्रस्त है। केंद्र सरकार की नीतिया जनता को लाभ नहीं पहुंचा पा रही हैं। सभी मुद्दों को ध्यान में रख कर मतदान किया जाएगा। मैं उसी प्रत्याशी को मतदान करुंगा जो लोगों के हित में बोलेगा और उनकी बात सुनेगा।

**-बिट्टू सूर्यवंशी, धर्मशाला**



आम तौर पर चुनाव जीतने के बाद भेदभाव शुरू हो जाता है। इसके चलते विकास कार्य अधर में रहते हैं। वोटर भेदभाव करने वाले प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे। आज वोट की ताकत वोटर के हाथ में है, अगर गलत प्रत्याशी को वोट देंगे तो बाद में पछताना पड़ेगा।

**- शंकर दास भारद्वाज, हमीरपुर**

## बिलासपुर में घर-घर पहुंची मोबाइल पोलिंग टीमें



बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में वरिष्ठ मतदाताओं से मतदान करती पोलिंग टीमें।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि बिलासपुर के चारों विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग टीमें मंगलवार से तक 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं के साथ-साथ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के लिए घर-घर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों के 3586 मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का विकल्प चुना है। जिसमें 2745 वरिष्ठ मतदाताओं और 841 दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर मतदान का विकल्प चुना है।

मतदान करवाने को 78 टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें पूरी गोपनीयता के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न कराएंगी। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट मतदान के निर्धारित शेड्यूल को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी साझा कर लिया गया है जिसके तहत संबंधित पोलिंग टीमें पोस्टल बैलेट मतदान की प्रक्रिया को पूर्ण करवांएगी। इस दौरान वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

## लाहौल-स्पीति में बुजुर्गों ने घर से डाले वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत लाहौल-स्पीति जनजातीय विधानसभा क्षेत्र में 624 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता घर से ही अपने मत का प्रयोग करेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि चुनाव के लिए घर से ही मतदान का विकल्प चुनने वाले लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया मंगलवार से शुरू की गई है और 26 मई तक पूर्ण कर ली जाएगी। इसके लिए 8 मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, जो कि आज 21 मई से 26 मई तक 624 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं का घर में ही मतदान करवाना सुनिश्चित कर रहें हैं।

जिला लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्ग मतदाता जिनकी आयु 85 वर्ष से अधिक है उनकी संख्या 339 है उनमें बुजुर्ग पुरुष मतदाताओं की संख्या 136 व महिला मतदाताओं की संख्या 203 है। इसी तरह से 285 दिव्यांग मतदाताओं की संख्या में 162 पुरुष व 123 महिला मतदाता है।




लाहुल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र में बुजुर्ग मतदाता मतदान करते हुए।

## बड़सर में पकड़े गए 55 लाख रुपए बिकाऊ विधायकों के : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि बड़सर में सोमवार को पकड़े गए 55 लाख रुपए बिकाऊ विधायकों के हैं। हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में नाकाबंदी करवाई हुई है, भाजपा की ओर से बिकाऊ विधायकों को दिए गए करोड़ों रुपयों को इसी तरह जब्त किया जाएगा।

भ्रष्टाचार के पैसे को पकड़कर रहेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि जनबल जीतेगा, धनबल हारेगा, क्योंकि लोकतंत्र को जनता ही जीवंत रख सकती है। मुख्यमंत्री ने भोरंज, चंबोह व लंबलू में लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुराग ठाकुर बताएं चार बार सांसद रहते कौन से प्रोजेक्ट लाए। अनुराग अब जनता को ठगना छोड़कर कामों का हिसाब देना शुरू करें।

सांसद रहते वह अपने पिता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के शिलान्यास वाले हमीरपुर बस स्टैंड का निर्माण कार्य नहीं करवा पाए। वह केंद्र से भी पैसा ला सकते थे। मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद हमीरपुर बस स्टैंड के लिए 50 करोड़ रुपए दिए जिसका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है आप हमीरपुर से 26 साल से भाजपा सांसद चुनकर भेज रहे हैं, इस बार कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा को जिताकर भेजिए, साथ मिलकर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की सूरत बदल देंगे।

## 105 वर्षीय इंद्री देवी व भगवान दास ने किया मतदान



इंद्री देवी वोट डालने के बाद पोलिंग टीम के साथ व गारनी गांव का भगवान दास और अन्य होम वोटिंग के दौरान।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं व अपंगों वोट डलवाने के लिए आज नादौन विधानसभा के सभी 12 सैक्टरों में पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी हैं।

उसके बाद इन टीमों ने पात्र मतदाओं के घर जाकर वोटिंग करवाना शुरू कर दिया है। शाम पांच बजे तक 150 से ज्यादा मतदाओं ने अपने मताधिकार का अपने ही घर पर इस्तेमाल कर लिया है। एआरओ एवं एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने मंगलवार को 12 सैक्टरों में पोलिंग पार्टियां होम वोट डलवाने के लिए रवाना कर दी हैं। ये पार्टियां 21 मई से 26 मई वृद्धों व अपंगों के घर जाकर वोट डलवाएंगी।

सैक्टर-11 के सैक्टर ऑफिसर अनिल कुमार चौधरी के नेतृत्व में पोलिंग टीम नादौन के गांव करदोह पनयाली की 105 वर्षीय इंद्री देवी के घर पहुंची तथा उनका वोट डलवाया। सैक्टर-एक में दृष्टिबाधित भगवान दास व 98 वर्षीय किरपी देवी सहित 11 ने अपने घर में वोट डाला, इसी तरह अन्य जगह भी टीमों ने पात्र मतदाताओं के घर जाकर वोट डलवाए।

## किन्नौर में पोस्टल बैलेट से वोटिंग आरंभ

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

मंगलवार से किन्नौर जिला में पोस्टल बैलट के माध्यम से वोटिंग शुरू हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कहा कि जिले में 21 मई से पोस्टल बैलट के माध्यम से घर से मतदान करने की सुविधा 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

उन्होंने बताया कि यह सुविधा 26 मई तक उपलब्ध रहेगी। कल्पा विकास खंड के कोठी गांव में 88 वर्षीय इंद्र देव के घर में जाकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया और बुजुर्गों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने इस अवसर पर बूथ लेवल अधिकारियों एवं जिला निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की, जिससे मतदान के प्रति जनजातीय जिला किन्नौर में लोगों का रुझान बढ़ा है।

इस अवसर पर तहसीलदार कल्पा कंचन ठाकुर ने उपायुक्त को पोस्टल बैलट सुविधा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। (अनंत ज्ञान)



किन्नौर में पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करते बुजुर्ग।

## सुजानपुर की जनता कांग्रेस को वोट की चोट से देगी करारा जवाब : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक व सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा है कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता एक जून को केंद्र में भाजपा का पीएम और हिमाचल प्रदेश में भाजपा का सीएम बनाने के लिए वोट करेगा। इसके अलावा प्रदेश सरकार से तंग आम आदमी भी आज केंद्र तथा प्रदेश में दोनों जगह भाजपा सरकार देखना चाहता है।

नुक्कड़ सभाओं में मौजूद सैकड़ों लोगों ने अपने हाथ उठाकर राजेंद्र राणा की इस बात का समर्थन किया। जगह-जगह नुक्कड़ सभाओं में लोगों ने हाथ खड़े करके कहा कि उनके दोनों वोट केंद्र में भाजपा का पीएम और प्रदेश में भाजपा का सीएम बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में जाएंगे। राजेंद्र राणा ने कहा कि लगातार 14 महीने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के साथ विकास के मामले में अन्याय करने वाले मुख्यमंत्री सुक्खू अब यहां की जनता के सवालों का सामना नहीं कर पा रहे हैं और सिर्फ झूठे आरोपों के सहारे ही वोट पाने की उम्मीद रखे हुए हैं। सुजानपुर की जनता अपने वोट की चोट से उन्हें करारा जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

## राजनीति ही भाजपा की प्राथमिकता : रोहित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक हरीश जनार्था समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर रोहित ठाकुर ने राजीव गांधी को याद करते हुए उनके शासनकाल में भारत में हुए विकास कार्य और सूचना प्रौद्योगिकी में उनके योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश पूर्व प्रधानमंत्री को याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को बतौर प्रधानमंत्री बेहद कम समय मिला, लेकिन उस छोटे से कार्यकाल में भी उन्होंने जो काम किए वह आज भी याद किए जाते हैं। वहीं चुनाव के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश में भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। उधर, कांग्रेस अभी तक हिमाचल के लिए किसी राष्ट्रीय नेता का दौरा प्रस्तावित नहीं कर पाई है। इसको लेकर रोहित ठाकुर ने भाजपा पर तंज किया है। उन्होंने कहा की भाजपा हमेशा ही चुनाव की मूड में रहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्राथमिकता सदा राजनीति ही रहती है।

वहीं, कांग्रेस नेताओं के हिमाचल दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही हिमाचल में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के दौरे होंगे। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी का हिमाचल दौरा तय है। इसके अलावा काजा प्रकरण को लेकर रोहित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हिंसा में विश्वास नहीं करती है। उन्होंने कहा कि मंडी में भाजपा की हार निश्चित है। इसी कारण भाजपा अब अपनी बौखलाहट कांग्रेस पर निकलने का प्रयास कर रही है।

**कार्रवाई** ज्वालामुखी में सर्विलांस टीम ने की कार्रवाई, एएसपी वीर बहादुर बोले, जांच कर रही पुलिस

## गंजू का बाग में पिकअप से पकड़ी 2.37 लाख की राशि

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला कांगड़ा में चुनावों को लेकर स्टेटिक सर्विलांस टीम के साथ पूरी तरह से मुस्तैद है। पैसों के लेन-देन तथा अवैध कृत्यों से चुनावों को प्रभावित करने क मामलों पर टीम की पैनी नजर है। इसके चलते रात के समय भी टीम चौकस है। इसी कड़ी में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के तहत गंजू का बाग में 2,37,000 रुपए नकदी बरामद की गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस के साथ जब स्टेटिक सर्विलांस की टीम गंजू का बाग में आवागमन करने वाले वाहनों की जांच कर रही थी तो एक पिकअप से यह नकदी बरामद की गई। इसके बाद ज्वालामुखी के डीएसपी आरपी जसवाल मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। इस नकदी को लेकर संजय कुमार पैसों को लेकर पुलिस को संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया, जिसके चलते नकदी को स्टेटिक सर्विलांस टीम ने कब्जे में ले लिया है तथा इसके बारे में जांच की जा रही है। इससे पूर्व में नूरपुर में 1,72000 तथा कांगड़ा में 60400 रुपए की नकदी पुलिस की मौजूदगी में सर्विलांस टीम पकड़ चुकी है। (अनंत ज्ञान)



रात्रि गश्त के दौरान वाहन की जांच करती पुलिस।

### क्या कहते हैं एएसपी

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि गंजू का बाग नामक स्थान में टीम ने एक पिकअप से यह नकदी बरामद की है तथा इसके बारे में जांच की जा रही है।

हैप्पी बर्थडे



कांढी तारापुर के अमित कुमार को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सरकाघाट की अनु को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# घर-घर जाकर मतदान करवाने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर से मतदान करने के लिए 15-नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को छह पोलिंग पार्टियों को घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया के लिए रवाना किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी नगरोटा मुनीश शर्मा ने बताया कि नगरोटा 15 के अंतर्गत 240 ऐसे मतदाताओं को चयनित किया गया है जो 21 से 23 मई तक अपने मताधिकार का घर से प्रयोग कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह से सफलतापूर्वक, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी 240 मतदाताओं की सुविधा के लिए उन्हें पोलिंग करने की तारीख के बारे में सूचित कर, घर पर रहकर मतदान करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह से पारदर्शी बनाया गया है। सभी पोलिंग पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।



मतदान प्रक्रिया के लिए रवाना होने से पूर्व पोलिंग पार्टियां।

# नियांगल पंचायत के वार्ड पांच में पानी के लिए 'त्राहि माम'

## विभाग ने सप्लाई के लिए वार्ड में बनाई कमेटी, मनमर्जी से छोड़ रही पानी

**अनिल छांगू , जवाली**

विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन पंचायत नियांगल के वार्ड नंबर पांच में पेयजल समस्या चरमराई हुई है। वार्ड नंबर पांच के लोगों को पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। न तो पीने के लिए पानी है और न ही कपड़े धोने, नहाने, शौचालयों की टंकियों में डालने के लिए पानी है।

वार्ड सदस्य फूलो देवी, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, आशा देवी, रीना देवी, पूजा देवी, प्रभात, संजू सहित वार्डवासियों ने कहा कि हमारे वार्ड में 39 घर हैं जोकि पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड में एक हैंडपंप है जिसको जल शक्ति विभाग ने मोटर लगाकर हमारे वार्ड में पानी की सप्लाई दी गई थी तथा पानी छोड़ने के लिए विभाग ने ही अपना कर्मी रखा हुआ था। जब तक विभाग का कर्मी पानी छोड़ता था तब तक पानी पर्याप्त मिलता था लेकिन बाद में विभाग ने वार्ड में कमेटी का गठन किया गया और कमेटी पानी छोड़ती है जिसके चलते अब कमेटी की मनमर्जी हावी हो गई है।

फूलो देवी ने बताया कि रविवार करीबन 10 बजे कुछ लोगों ने मेरे पास आकर शिकायत की कि हैंडपंप की मोटर चली हुई है जिस पर मैंने उनके साथ मौका पर जाकर देखा तो हैंडपंप की मोटर चालू थी। मैंने जैसे ही वहां खड़े लोगों से जानना चाहा तो सिमरत व मनमोहन सिंह ने मेरे साथ चप्पल-डंडे से मारपीट करना शुरू कर दिया। फूलो देवी सहित वार्डवासियों ने कहा कि हमें कमेटी मंजूर नहीं है तथा कमेटी को भंग करके विभाग इसको अपने अधीन ले।

उन्होंने कहा कि विभाग स्वयं इस मोटर चलित हैंडपंप पर कर्मी तैनात करे जोकि पानी की सप्लाई दे अन्यथा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोलने को बाध्य होना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने पुलिस से मांग की है कि अतिशीघ्र उचित कार्रवाई अमल में लाई जाए। (अनंत ज्ञान)



### आपसी तालमेल नहीं तो हटाएंगे मोटर

इस बारे में जल शक्ति विभाग कोटला के सहायक अभियंता विजय नाग ने कहा कि हैंडपंप में मोटर विभाग ने डाली है तथा स्टाफ न होने के कारण इसको कमेटी का गठन करवाकर उसके हवाले किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर गांववासियों ने आपसी तालमेल से इसको नहीं चलाया तो विभाग मोटर निकालने के लिए बाध्य होगा।

### कार्रवाई की जा रही है

इस बारे में पुलिस चौकी कोटला के प्रभारी संजीव धामी ने बताया कि वार्ड सदस्य फूलो देवी ने शिकायत की है जिस पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो दिवसीय कुंदली हार मेला 24 मई से

**गरली।** गांव कुंदली हार में चलने वाला जिला स्तरीय दो दिवसीय मेला 24 मई से शुरू होगा। यह जानकारी मेला कमेटी प्रभारी रजनीश परमार व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि कुंदली हार के जाने माने समाजसेवी एवं उद्योगपति अशोक शर्मा बतौर चीफ गेस्ट मेले में शिरकत करेंगे जबकि गुलजार अहमद बशिष्ठ अतिथि के रुप में यहां पहुंचेगे। मेला कमेटी प्रभारी रजनीश परमार व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि 24 मई को छोटा दंगलव 25 को बडा दंगल होगा।

### ज्वालामुखी में ठंडे पानी की छबील



ज्वालामुखी ऑटो यूनियन के सदस्य लोगों को पानी पिलाते हुए।

**ज्वालामुखी।** उमस भरी गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए मंगलवार को ज्वालामुखी ऑटो यूनियन द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई गई। यूनियन के प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि गर्मी का आलम यह है कि घरों में अब नल का पानी भी गर्म आ रहा है। वहीं गर्मी के मौसम में राहगीरों को भी ठंडा पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे लोगों की प्यास बुझाने व बारिश की कामना के लिए ज्वालामुखी ऑटो यूनियन ने मीठे पानी की छबील लगाई। इस मौके पर पैदल राहगीरों, वाहन चालकों को मीठा पानी पिलाया गया। इस मोके पर यूनियन के सभी सदस्यों संजीव, सोनू, मनजीत, अनिल, अश्वनी, जोगिंद्र, बंटू, प्रेम व यूनियन के अन्य लोगों का सहयोग रहा।

### बैजनाथ के सकड़ी का युवक लापता



**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ का एक युवक गौरव कुमार उम्र 18 वर्ष पुत्र मानचंद गांव सकड़ी 17 मई से घर से कहीं चला गया है। जानकारी के मुताबिक वह अपने माता-पिता से किसी बात से नाराज होकर 17 मई को घर से कहीं चला गया है। परिजनों ने बताया कि उक्त युवक ने हाल ही में जमा दो की परीक्षा दी थी। परिजनों ने अपील की है कि किसी को भी यह युवक दिखे तो मोबाइल नंबर 9817045035 पर संपर्क करें या फिर बैजनाथ थाना में सूचना दें। यदि यह बच्चा खुद यह समाचार देख ले तो घर लौट आए उनके माता-पिता बहुत परेशान हैं।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए चलाया अभियान



**धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कांगड़ा ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। प्रदेश सहमंत्री रितिक पालसरा ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित के साथ समाज हित में काम करती आ रही है। इसी संदर्भ में लोकसभा चुनावों को लेकर विद्यार्थी परिषद का योगदान किस तरह से समाज में रहने वाला है, इसके बारे में भी चर्चा की गई। परिषद सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों से आग्रह करेगी की पहली जून को सभी छात्र मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी देश की संपत्ति होते हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बहुत से युवा इस बार पहली बार मतदान करेंगे तो ऐसे फर्स्ट टाइम वोटर्स को जागरूक करने के लिए विद्यार्थी परिषद ने यह अभियान शुरू किया है। नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के माध्यम से विद्यार्थी परिषद हर जगह संगोष्ठी और बैठकें कर रही है जिससे शत प्रतिशत मतदान प्रदेश के अंदर हो।

## भीषण गर्मी में सड़कों पर सन्नाटा

**डमटाल।** प्रदेश के कई इलाकों में इन दिनों गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से तापमान 40 डिग्री पार कर रहा है। इसके चलते उपायुक्त कांगड़ा हेम राज बैरवा ने स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए स्कूलों को सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक खोलने के आदेश दिए हैं। भीषण गर्मी के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ दिखाई दे रहा है। तापमान इतना है कि सुबह 9 से शाम 5 बजे तक चिलचिलाती धूप पड़ रही हैं जिसके चलते जरूरी काम होने पर ही लोग अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं।

# सुलह ब्लॉक कांग्रेस ने स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, डरोह**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सलोह में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश एआरडीबीआई बैंक के चेयरमैन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने की। जिसमें कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने स्व. राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देश के प्रति उनके योगदान को स्मरण किया। इस दौरान देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देश आज उनकी 33वीं पुण्यतिथि मना रहा है। लोकतंत्र में युवाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए 18 साल की उम्र में वोट देने का अधिकार उन्हीं के कार्यकाल में मिला। इसके अलावा महिला शक्ति को सशक्त करने के लिए पंचायतीराज में 33 फीसदी आरक्षण दिया गया। उन्होंने कहा पूरा देश उनकी सेवाओं को याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है।



## घुरकड़ी में निरंकारी संत समागम कल

**गगल।** जिला स्तरीय संत निरंकारी समागम 23 मई को घुरकड़ी में आयोजित होने जा रहा है। यह जानकारी कांगड़ा जोन तीन के प्रभारी डॉक्टर केसी धीमान व कांगड़ा ब्रांच के सयोजक महात्मा दीनानाथ और प्रेस प्रभारी सरुप ने दी। उन्होंने बताया कि 23 मई को जिला स्तरीय समागम होने जा रहा है जिसमें दाढ़ी, मरांडा, सुन्नी, शाहपुर, डाड , देहरा और मारंडा की ब्रांचों से साद संगत बढ़-चढ़कर भाग लेगी और दिल्ली से आने वाले राष्ट्रीय प्रचारक महात्मा एचएस चावला साद संगत को ज्ञान दर्शन करेंगे और उन्हें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के दिशा निर्देश देंगे।

# डाडासीबा के जंगल में लगी आग रिहायशी इलाकों पर मंडराया खतरा

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा के जंगलों में आग लगने का सिलसिला थम नहीं रहा है। इस भीषण आग से जंगली पशु-पक्षियों व वन संपदा को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। जंगल घने एवं सूखे होने के चलते आग तेजी से फैल रही है। सोमवार को आग के विकराल रूप से जंगल के साथ लगती ब्राह्मण बस्ती व राजा बस्ती इसकी चपेट में आने से बाल बाल बचे। वन विभाग की टीम और दमकल विभाग ने मिलकर रिहायश की तरफ जा रही आग पर काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। जंगल में लगी आग से अभी भी इन रिहायशी इलाकों पर खतरा मंडरा रहा है। जंगल में पर्याप्त रास्ता न होने की वजह से दमकल विभाग की गाड़ियों का पहुंचना भी मुश्किल हो रहा है। इस बारे में डाडासीबा वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यवाहक पवन कुमार ने बताया कि आग लगने से लाखों की वन संपदा जल गई है। विभाग की टीम आग पर काबू पाने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। लोगों से अपील है कि जंगलों की महत्ता को समझते हुए वन संरक्षण में अपनी भूमिका का निर्वहन करें तथा जागरूकता के जरिए वनों को आग से होने वाले नुकसान को कम करने में सहयोग दें। वहीं, फायर चौकी प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने रिहायशी इलाके की तरफ जा रही आग पर काबू पा लिया है।

# कौना स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला उपभोक्ता आयोग का भ्रमण किया



**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कौना के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया के निर्देश पर प्राध्यापक विजय सिंह राणा व विश्वजीत के मार्गदर्शन में उपभोक्ता संरक्षण विषय के व्यावहारिक ज्ञान के लिए धर्मशाला स्थित जिला उपभोक्ता आयोग का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के प्राध्यापक वाणिज्य विजय सिंह राणा ने बताया कि वाणिज्य संकाय की जमा दो कक्षा में व्यावसायिक अध्ययन में उपभोक्ता संरक्षण पर एक टॉपिक है। जिसके व्यावहारिक पक्ष के अध्ययन के लिए वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों का जिला उपभोक्ता आयोग का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने उपभोक्ता न्यायालय में विभिन्न उपभोक्ता विवादों की सुनवाई प्रकिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इसके बाद जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के विभिन्न प्रावधानों व उपभोक्ता आयोग की प्रक्रिया के बारे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य नारायण ठाकुर, आरती सूद तथा स्कूल की महिला कर्मचारी रेखा कुमारी भी उपस्थित रही।

## बनाल में 156 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**जवाली।** पंजाब की सीमा से सटा इंदौरा पहले ही चिट्टे का गढ़ बन चुका है, लेकिन अब फतेहपुर भी चिट्टे का गढ़ बनने की ओर अग्रसर है। सोमवार रात बनाल में चिट्टे के सप्लायर को 156 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा गया है। इस बारे में एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि सोमवार रात फतेहपुर पुलिस ने बनाल में नांकाबदी के दौरान पंजाब के अमृतसर निवासी एक युवक सुभाष पुत्र मदन लाल को 156 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने उक्त युवक के खिलाफ पुलिस थाना फतेहपुर में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है । ज्ञात रहे इतनी बड़ी चिट्टे की खेप पहले शायद ही पुलिस के हाथ लगी हो, लेकिन हैरानी इस बात की है कि चिट्टा सप्लायर इतनी ज्यादा मात्रा में चिट्टा किसी एक खरीददार को बेचने जा रहा था या खरीददारों की संख्या ज्यादा होगी। यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन चिट्टे का कारोबार उक्त क्षेत्र में काफी समय से फलफूल रहा है।

# ईश्वर की प्राप्ति है मानव जीवन का उद्देश्य: स्वामी हरीशानंद

## दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से कांगड़ा में हरि कथा



जयंती बिहार कांगड़ा में तीन दिवसीय श्री हरि कथा के दौरान मौजूद भक्त।

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से कथुरिया निवास जयंती बिहार कांगड़ा में तीन दिवसीय श्री हरि कथा का आयोजन किया गया। इसके प्रथम दिन दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरीशानंद ने कहा मानव जीवन प्रभु की सर्वोत्तम रचना है।

इस जीवन का उद्देश्य ईश्वर की भक्ति करना है। माया के प्रभाव के कारण मानव इस संसार के भोग पदार्थों के पीछे ही निरंतर भागता रहता है और इस मानव जीवन को व्यर्थ ही गंवाकर इस संसार से चला जाता है। स्वामी ने कथा प्रसंग के माध्यम से भक्त ध्रुव के जीवन चरित्र को भक्तजनों के समक्ष बताते हुए कहा कि भक्त ध्रुव ने छोटी आयु में ही भक्ति करके, ईश्वर को प्रसन्न कर लिया उनका यह जीवन हमें प्रेरणा देता है कि मृत्यु का कोई भी सुनिश्चित समय व स्थान नहीं है पता नहीं काल हमें किस समय अपना ग्रास बना ले हमें जब भी संतो महापुरुषों की वाणी से उपदेश मिले उस समय हमें जागृत होकर अपने जीवन के उद्देश्य को प्राप्त करना चाहिए जिस प्रकार से भक्त ध्रुव सांसारिक पिता की गोद को पाना ही सब कुछ समझते थे परंतु माता के सुविचारों को सुन उन्होंने ईश्वर भक्ति को प्राप्त किया ठीक इसी प्रकार से हम भी इस सांसारिक भौतिक पदार्थों को ही सब कुछ मानते हैं, जब हम संसार में नहीं रहेंगे तब भी यह संसार इसी प्रकार से चलता ही रहेगा,किसी के भी संसार से चले जाने से संसार का कार्य नहीं रुकता इसलिए जितना जल्दी हो सके मानव जीवन के उद्देश्य को जानकर प्रभु भक्ति में अपने जीवन को व्यतीत करें। इसी अवसर पर सुखदेव और सुनील द्वारा समुधर प्रभु महिमा में भजनों का गायन किया गया विशेष रूप में कथरिया परिवार की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया वह कथा को विराम प्रभु की मंगल पुनीत आरती से दिया गया। (अनंत ज्ञान)

**अनदेखी** ऐतिहासिक धरोहरें मिट रही हैं, वहीं प्राचीन तालाब और कुएं भी अनदेखी के शिकार

# हरिपुर का भरा तालाब बन गया 'सड़ा तालाब'

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

गुलेर रियासत की राजधानी हरिपुर का नाम इतिहास के पन्नों में भी दर्ज है, लेकिन वर्तमान में हरिपुर अपने अस्तित्व की जंग लड़ रहा है। ऐतिहासिक धरोहरें तो मिट ही रहीं हैं, वहीं प्राचीन तालाब और कुएं भी अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। इसमें से एक हरिपुर का भरा तालाब है। यदि आप हरिपुर कॉलेज की तरफ से न जाकर मुख्य रास्ते से माता संतोषी मंदिर की तरफ जाएं तो रास्ते में वट वृक्ष की छांव और भरा तालाब देखने को मिलता है। हालांकि, भरा तालाब के जीर्णोद्धार पर लाखों रुपए खर्च किए गए। जीर्णोद्धार के बावजूद वर्तमान में यह भरा तालाब न रहकर सड़ा तालाब बन गया है। यही नहीं हरिपुर में ओझा का कुआं नाम से जाना जाने वाला प्राचीन कुआं भी बलि चढ़ गया है। बता दें कि हरिपुर भरा तालाब के जीर्णोद्धार के लिए श्री कल्याण राय टेंपल से पैसा आया था। यह पैसा एमपीलैंड फंड से मंजूर हुआ था।

लोगों का कहना है कि जहां से इस तालाब को पानी से भरने का स्रोत था, उसका रास्ता ही बदल दिया गया। मां संतोषी मंदिर पहाड़ी की तरफ से पाइप डालकर पानी का मुंह दूसरी तरफ मोड दिया। यही नहीं तालाब के साथ में वट वृक्ष था, जोकि टूट कर गिर गया था, उसे भी पानी से नहीं निकाला गया। तालाब को साफ करके कोई घास का बीज उसमें डाल दिया गया, जोकि पिछले दिनों पूरी तरह से बीच में सड़ गया। इस कारण तालाब का पानी पूरी तरह से गंदगी से भर गया है। इसका असर साथ में एक कुएं पर पड़ा। इस कुएं को ओझा का कुआं नाम से जाना जाता है। इस कुएं का पानी पूरी तरह से खराब हो चुका है। उधर, जल शक्ति विभाग हरिपुर ने पानी के सैंपल लिए हैं। इस कुएं की बात करें तो यह कभी सूखता नहीं था। जल शक्ति विभाग व स्थानीय लोगों द्वारा इस कुएं को साफ भी किया, मगर पानी से बदबू नहीं गई। लोगों ने सरकार से मांग की है कि इतना बजट खर्च करने के बावजूद तालाब साफ क्यों नहीं हो पाया, इसकी जांच की जाए। हरिपुर पंचायत के प्रधान राकेश कुमार ने कहा कि पानी से बदबू आ रही थी। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि भरा तालाब का पानी गंदा होने के चलते कुएं का पानी दूषित हुआ है। तीन चार दिन पहले कुएं का पानी साफ किया है। अब देखते हैं कि पानी साफ होता या नहीं। अभी लोग दूसरी जगह से पानी भर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### भरा और सूखा तालाब हरिपुर की पहचान



भरा तालाब और सूखा तालाब हरिपुर की पहचान है। हरिपुर के दो हिस्सों को सूखा और भरा तालाब में विभाजित किया जाता है। यानी बस अड्डे वाली जगह सूखा तालाब और हरिपुर चौगान साइड की जगह भरा तालाब से पहचानी जाती थी। सूखा तालाब का अस्तित्व तो पहले की मिट चुका है। अब वहां पर बस अड्डा बन गया है, लेकिन अब भी उस जगह को सूखा तालाब के नाम से जाना जाता है। वहीं, भरा तालाब अपने अस्तित्व की जंग लड़ रहा है।

### राजाओं ने बनवाए थे 360 कुएं, बावड़ी और तालाब

कहते हैं कि गुलेर रियासत के राजाओं ने 360 मंदिर, 360 कुएं, बाबड़ियां व तालाबों का निर्माण करवाया था, ताकि शहर में पानी की कमी न हो। तालाबों का निर्माण करने के पीछे एक बहुत बड़ी वजह भूमिगत पानी का स्तर बना रहना रही थी। साथ ही तालाबों के पानी से कुओं के पानी का लेवल बना रहे और तालाबों से पानी रिस-रिस कर कुओं में जा सके और कुओं से पानी हमेशा मिलता रहे। पहले तो लोग तालाबों के पानी को प्रयोग घर के लिए भी करते थे, लेकिन कुछ समय से इसका प्रयोग करना बंद कर दिया गया है।



**विफलता** तभी होती है, जब हम अपने आदर्शों, उद्देश्यों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं। –पंडित जवाहर लाल नेहरू

## संपादकीय

# बाल सुधार गृह में कब होगा सुधार?

राजधानी शिमला के हीरानगर स्थित बाल सुधार गृह में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार वाकई स्तब्ध कर देने वाली घटना है। यहां बच्चों के साथ दरिंदगी का खेल न जाने कब से चल रहा था। अगर मामले को लेकर दायर जनहित याचिका पर हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट संज्ञान न लेता तो शायद इस कृत्य का पटाक्षेप भी नहीं होता। मामला इतना संगीन था कि हाईकोर्ट को प्रतिवादी बनाए गए अधीक्षक, कुक, रसोई सहायक और सिक्योरिटी गार्ड सहित प्रदेश की सुक्खू सरकार से भी जवाब तलब करना पड़ गया। यह बाल सुधार गृह किशारों के लिए टॉर्चर गृह से कम नहीं है। इस सुधार गृह में बारह से ज्यादा ऐसे किशोर रखे गए हैं, जिन्होंने कम उम्र में अपराध को अंजाम दिया। यहां किशोरों से सुधार के नाम पर मारपीट की जाती थी। कई बार किशोर इतने पीट दिए जाते थे कि अस्पताल ले जाने तक की नौबत आ जाती थी। बच्चों को मुंह न खोलने के लिए धमकियां भी दी जाती थीं। यहां दो किशारों ने ज्यादतियों से तंग आकर अपने हाथों की नसें काटकर आत्महत्या का प्रयास भी किया था।

किशोरों से दुर्व्यवहार अक्सर अधीक्षक के कमरे में ऐसे स्थान पर होता था, जहां सीसीटीवी की नजर न पड़े। कभी-कभी तो कैमरे भी बंद कर दिए जाते थे। कई बार किशारों को भोजन भी नहीं दिया जाता था। मतलब साफ है कि यहां सब कुछ जानबूझकर किया जाता था। इसकी एक वजह यह हो सकती है कि टॉर्चर करने वालों को आधा अधिकारियों का संरक्षण हो, वरना इतना बड़ा रिस्क लेकर कोई शख्स अपनी नौकरी भला क्यों गंवाए। ऐसा नहीं है कि यह सब हिमाचल के बाल सुधार गृह में ही हुआ हो, बल्कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी वारदातें सुनने को मिलती रहती हैं। बाल न्याय अधिनियम 1960 के तहत जिनकी उम्र 16 से लेकर 18 साल के बीच है, उनके साथ उपचार के प्रयोग किए जाते हैं।

बाल सुधार गृह में युवाओं को सुरक्षित रखना बेहद लाजिमी है। गलत रास्ते पर चले गए युवाओं का समाज में फिर से सफल नागरिक बनाने के लिए शिक्षा, प्रशासनिक सहयोग और मानसिक स्वास्थ्य की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। ऐसे मनोवैज्ञानिक और परामर्शदाता का उपलब्ध होना भी आवश्यक है, जो बच्चों को उनके दर्द और पीड़ा को समझ सके और उनका सामना करने के तरीके विकसित कर सके। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल सुधार गृहों में रहने वाले बच्चों को ट्यूटोरियल्स उपलब्ध करवाने का हिमायती है ताकि बच्चों को ट्यूशन देकर सुधारा जा सके।

इस पहल के बाद सुधार गृह में रह रहे बच्चों के लिए मुख्यधारा की शिक्षा में वापसी का मौका मिल सकता है, लेकिन ये सब बातें तब तक बेमानी हैं, जब तक इन योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा जाता। देखने में आया है कि बाल सुधार गृहों में शिक्षा को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती, जिसके चलते उन्हें नियमित स्कूली शिक्षा में वापसी में दिक्कतें होती हैं। भारत में बाल सुधार गृहों में गुणवत्ता शिक्षा एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की उपलब्धता नाम से जारी एक रिपोर्ट में बाल आयोग ने सिफारिश की है। इन सुधार गृहों में सर्वशिक्षा अभियान के तहत एक शिक्षक नियुक्त किया जाना जरूरी बताया गया है ताकि बच्चों को शिक्षित किया जा सके। जैसे ही किसी सुधार गृह में बच्चे को भेजने की प्रक्रिया शुरू होती है, उसके साथ ही बच्चों की शिक्षा के संबंध में काम शुरू कर देना चाहिए। बच्चे के जीवन में बदलाव लाकर सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना बाल सुधार गृहों का काम है, जो उन्हें अच्छे से करना चाहिए।

बाल सुधार गृह किसी बच्चे की मनोदशा का इलाज करने के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए वहां स्वच्छंद माहौल बनना जरूरी होता है। कानून से ऊपर कोई नहीं है। ऐसा नहीं है कि केंद्र और प्रदेश सरकारें इन सुधार गृहों की दशा को सुधारने के प्रति गंभीर न हों, लेकिन यह तभी संभव हो सकता है, जब सुधार गृहों में स्टाफ अच्छा हो और वह विषय की गंभीरता को समझे तथा उसमें अपेक्षाकृत निरंतर सुधार करता रहे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि शिमला के बाल सुधार गृह में रह रहे बच्चों को जल्द ही न्याय मिले, क्योंकि न्याय प्राप्त करना सबका अधिकार है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### महान समाज सुधारक

राजा राममोहन राय का जन्म राधा नगर नामक बंगाल के एक गांव बंगाली ब्राह्मण परिवार में हुआ था। हिंदू, ईसाई, इस्लाम और सूफी धर्म का उन्होंने गंभीर अध्ययन किया था। 17 वर्ष की अल्पायु में ही वह मूर्ति पूजा विरोधी हो गए थे। वह अंग्रेजी भाषा और सभ्यता से काफी प्रभावित थे। धर्म और समाज सुधार उनका मुख्य लक्ष्य था। वह ईश्वर की एकता में विश्वास करते थे और सभी प्रकार के धार्मिक अंधविश्वास और कर्मकांडों के विरोधी थे। अपने विचारों को उन्होंने लेखों और पुस्तकों में प्रकाशित करवाया। हिंदू समाज की कुरीतियों के घोर विरोधी होने के कारण 1828 में उन्होंने 'ब्रह्म समाज' नामक एक नए प्रकार के समाज की स्थापना की। राजा राममोहन राय एक धार्मिक सुधारक तथा सत्य के अन्वेषक थे। सभी धर्मों के अध्ययन से वह इस परिणाम पर पहुंचे कि सभी धर्मों में अद्वैतवाद संबंधी सिद्धांतों का प्रचलन है। वह सब धर्मों की मौलिक सत्यता तथा एकता में विश्वास करते थे। राजा राममोहन राय ने समाचार पत्रों की स्वतंत्रता के लिए भी कड़ा संघर्ष किया था। राजा राम मोहन राय के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि थी 'सती प्रथा का निवारण'। उनके ही अथक प्रयासों से सरकार द्वारा इस कुप्रथा को गैर-कानूनी दंडनीय घोषित करवाया। ब्रिटेन के ब्रिस्टल नगर के आरनोस वेल कब्रिस्तान में राजा राम मोहन राय की समाधि है।



**राजा राममोहन राय**
**जन्म :** 22 मई, 1772
**मृत्यु :** 27 सितंबर, 1833

## अपनी बात

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकसभा चुनाव में अब लगभग साफ हो गया है कि सत्ता की चाबी युवा मतदाताओं के हाथ में ही रहने वाली है। यह बात राजनीतिक दलों को भी समझ में आ गई है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को रिझाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल युवा मतदाताओं की मुखरता ही चुनाव परिणामों में परिलक्षित होती है। साफ है कि लोकसभा के पिछले दो चुनावों में युवा मतदाताओं का रुझान नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति रहा है। हालांकि, मजे की बात यह है कि जिन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रही है, उन प्रदेशों के युवाओं ने क्षेत्रीय पार्टी को अधिक तरजीह दी है। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि युवा केवल भाजपा के साथ ही हैं, अपितु युवाओं का रुझान नेशनल और स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर अलग-अलग देखा जाता रहा है। हालांकि यह भी इंट्रेस्टिंग है कि कोई भी दल पिछले चुनावों में समग्र रूप से 50 फीसदी मत का आंकड़ा नहीं छू पाए हैं। दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी लाख जतन के बावजूद 33 प्रतिशत मतदाताओं को हम मतदान केंद्र तक ले जाने में सफल नहीं हो पाए हैं। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि साक्षरता से भी इसका कोई सीधा संबंध इस मायने में नहीं है कि बिहार की साक्षरता दर बढ़ने के बावजूद मतदान प्रतिशत में दो फीसदी की गिरावट देखी गई है।

–राधिका, नगरोटा बगवां

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# जैव विविधता पर संकट के बादल

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर विशेष**

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर न केवल वन्य जीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या ईको सिस्टम भी कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवन चक्र संकट में है।

वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहा है। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में 'प्रदूषण मुक्त सांसें' किताब में विस्तार से उल्लेख किया गया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है।



**लेखक : योगेश कुमार गोयल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसंबर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था। इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस 'योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम सभी व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

धरती पर पेड़-पौधों की संख्या बड़ी तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में पड़ रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का स्पष्ट कहना है कि यदि इस ओर जल्द ही ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि धरती से पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर सदा के इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी।

माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है, लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के इस दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में चेताया गया है कि यदि विकास के नाम पर वनों की बड़े पैमाने पर कटाई के साथ-साथ जीव-जंतुओं तथा पक्षियों से उनके आवास छीने जाते रहे और ये प्रजातियां धीरे-धीरे धरती से एक-एक कर लुप्त होती गईं तो भविष्य में उससे उत्पन्न होने वाली भयावह समस्याओं और खतरों का सामना हमें ही करना होगा। दरअसल बढ़ती आबादी तथा जंगलों के तेजी से होते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन ही असंभव है।


आज अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया, मोर, तीतर, बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसानों के हितैषी माने जाने वाले पक्षी भी तेजी से लुप्त होने के कगार हैं, तो हमें आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं और हमें अब समय रहते सचेत हो जाना चाहिए। जैव विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवनयापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# दहकते जंगल, जिम्मेदार कौन?

हमारी वजह से बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग और गलतियों की वजह से जंगलों में आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। आईआईटी रुड़की के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन डिजास्टर मिटिगेशन ऐंड मैनेजमेंट विभाग के प्रो. पीयूष श्रीवास्तव और प्राइम मिनिस्टर रिसर्च फेलो आनंदू प्रभाकरन ने हाल ही में जंगलों की आग को लेकर विशेष अध्ययन किया है। प्रो. पीयूष बताते हैं कि इसके पीछे बेहद जटिल भौगोलिक स्थितियां भी कारण रही हैं।



**लेखक : डॉ. श्रीगोपाल नारसन**
सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार

वहीं, मिश्रित जंगलों का होना सूखी पत्तियों और चीड़-देवदार के निडिल का ईंधन है, जिन्हें ड्राई फ्यूल कंडिशन कहते हैं। हम इंसानों द्वारा गलती से या जानबूझकर लगाई गई आग भी पहाड़ की बर्बादी का कारण बन रही है। चीड़ की पत्तियां, जिन्हें पिरूल कहा जाता है, गर्मी होते ही वह हवा के साथ पेड़ों से झड़ने लगती हैं और इनमें आग बहुत तेजी से फैलती है। इसी तरह गर्मी के सीजन में चीड़ के जंगलों में लीसा निकालने का सीजन शुरू हो जाता है। इसका लीसा इतना ज्वलनशील होता है कि उसमें लगी आग पर काबू पानी बहुत मुश्किल हो जाता है। जंगलों में लगी भयानक आग की वजह से हवा की गुणवत्ता बिगड़ रही है। हवा में ज्यादा कार्बन कण मिल रहे हैं। तेज चलती हवा के साथ ये प्रदूषित कण दूर-दूर तक फैल रहे हैं। ये प्रदूषित कण ग्लेशियरों पर जमा होंगे। इससे ग्लेशियर के पिघलने की आशंका बढ़ जाती है। इन दिनों अल-नीनो की वजह से गर्मी बढ़ी हुई है, हीट वेव चल रही हैं। पारा ऊपर है। गर्मियों में लगने वाली आग की वजह से पहाड़ी मिट्टी और सतह कमजोर हो जाती है। इसके बाद बारिश आने पर ये मिट्टी खतरनाक हो जाती है। लैंडस्लाइड होते रहते हैं। फ्लैश फ्लड की आशंका रहती है। गंदी मिट्टी बहकर नदियों, नालों में मिलती है। वैज्ञानिकों को आशंका है कि यह आग इंसानों द्वारा गलती से या फिर जानबूझकर लगाई गई है। जंगल की आग के 95 प्रतिशत मामलों में इंसानी गतिविधियां ही मुख्य कारण हैं। किसी ने जलती बीड़ी पीकर फेंक दी, पत्ता या कूड़ा जला दिया, उसी से आग की घटनाएं बलवती हो जाती हैं। पहले बारिश, बर्फबारी और नमी की वजह से आग बुझ जाती थी, लेकिन अब ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से तापमान बढ़ता जा रहा है। इस कारण आग आसानी से नहीं बुझ पाती।

अगर लोगों को मौसम से संबंधी सटीक जानकारी दी जाए, उन्हें यह बताया जाए कि कोई ऐसी गलती न करे, जिससे जंगल में आग पकड़े। स्थानीय लोगों की जागरूकता ही जंगलों को जलने से बचा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

### किस-किस से लड़े अभिमन्यु




सुरेंद्र सिंह ठाकुर
जिला न्यायालय परिसर
धर्मशाला, हिप्र

*हो खड़े परिवर्तन की ध्वनि पर*
*काल अपनी मुट्ठी में सबको जकड़े*
*कौन बड़ा और छोटा कौन*
*दे सबको संदेशा मौन*
*मैं हूं, मैं हूं, कोई और नहीं*
*आए गए कई लाख करोड़*
*कतिपय मेरा यही नियम*
*नियम की यह बात पकड़*
*आई तरंग दूर गगन से*
*छोड़ सब यह मेरा-तेरा*
*और बेमतलब यह बैर-भाव*
*वह अभिमन्यु अब कहां जो*
*चक्रव्यूह तोड़े*
*आ भी दुर्योधन कई खड़े*
*इस चौराहे उस चौराहे पर*
*भाईचारे से रिश्ता मौड़े*
*संहार होगा दुर्योधन का*
*मंजूर नहीं यह कपट काल को*
*जो आता है कभी कल्कि बनकर*
*सांत्वना देने अभिमन्यु को*
*और कहता सबको*
*निश्चित है मृत्यु*
*मैं मर्दन करता हूं सबका*
*यूं ही न मरो मैं आऊंगा कल*
*यमराज बनकर*
*लेखा जोखा कर्मों का लेकर*
*हैं पाप जिनके ज्यादा और पुण्य थोड़े*
*जिसकी गलती जितनी*
*उसको उतने कौड़े*
*मुरख सो मत आज*
*निश्चिंत होकर याद रख और डर*
*मैं आऊंगा कल यमराज बनकर*
*और कर्मों का तेरा लेखा-जोखा लेकर।*

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत का रुपया क्या डॉलर का स्थान लेगा!

इसे आप काल के चक्र का प्रवाह एवं पुनर्चक्रीकरण भी मान सकते हैं कि जिस भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में कभी 32 प्रतिशत का योगदान हुआ करता था, वह भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने लगा है। दुनिया के अर्थशास्त्री भारत के इस नए रूप को देख कर चमत्कृत हैं, वहीं अमेरिका को लगता है कि यदि इसी तरह से भारत आगे बढ़ता रहा तो कहीं ऐसा न हो कि डॉलर के रूप में जो विश्व में एक देश की दूसरे देश के साथ व्यापार करने की जो अनिवार्यता या आवश्यकता चली आ रही है, वह समाप्त न हो जाए। अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहे, इसलिए आज वह इससे जुड़े जरूरी कदम उठा रहा है और भारत इसके लिए अपने हिस्से का दांव खेल चुका है।

भारत की विदेश नीति का जिक्र हुआ है, तो प्रधानमंत्री मोदी यह साफ कहते हुए देखे-सुने जा सकते हैं कि 'भारत अपनी नीति स्वयं तय करता है, वह आज किसी भी विदेशी प्रभाव और दबाव में आकर अपने फैसले नहीं लेता। यदि हमें तेल की जरूरत है और वह रूस से सस्ता मिलता है तो भारत उसे खरीदेगा, फिर इससे अमेरिका या अन्य देश को क्या लगता है या नहीं, इससे हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हम अपने देश की आवश्यकताओं के अनुसार ही निर्णय लेते हैं। न कि कोई देश खुश होगा या बुरा मान जाएगा, इस आधार पर।' वस्तुत: प्रधानमंत्री मोदी जो कह रहे हैं, वह कितना सही है, इसकी भी पड़ताल आवश्यक है। आर्थिक स्तर पर जब उनकी कही बातों का अध्ययन किया जाता है तो वास्तव में वह सही साबित होती हैं। दुनिया की तमाम रेटिंग एजेंसियां आज भारत को विश्व के सभी देशों के बीच सबसे तेज दौड़ता हुआ तो देख ही रही हैं, इससे जुड़ी भविष्यवाणी भी कर रही हैं। साथ ही जो एक नया मोड़ सामने आया है, वह हर देश भक्त भारतीय को गदगद कर देता है। वह है भारतीय रुपए का दुनिया की आरक्षित मुद्राओं में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना।



**लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक साक्षात्कार जाने-माने अर्थशास्त्री नूरियल रूबिनी का पढ़ने को मिला। उनका कहना है कि समय के साथ भारतीय रुपया दुनिया की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक होगा। 'यह (भारतीय रुपए) खाते की एक इकाई हो सकता है, यह भुगतान का साधन हो सकता है, यह मूल्य का भंडार बन सकता है। निश्चित रूप से, समय के साथ रुपया दुनिया में विभिन्न प्रकार की वैश्विक आरक्षित मुद्राओं में से एक बन सकता है।' रूबिनी के अनुसार कुल मिलाकर समय के साथ डी-डॉलरीकरण की प्रक्रिया होगी। वॉल स्ट्रीट द्वारा 'डॉक्टर डूम' के नाम से मशहूर रूबिनी इसके पीछे का कारण भी बताते हैं और कहते हैं कि अमेरिका की वैश्विक अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 40 से 20 फीसदी तक गिर रही है। 'सभी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और व्यापार लेनदेन में अमेरिकी डॉलर का दो-तिहाई होना कोई मतलब नहीं रखता है। इसका एक हिस्सा भू-राजनीतिक है।'

वह कहते हैं, 'कोई देख सकता है कि भारत दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ जो व्यापार करता है, उसमें से कुछ के लिए रुपया कैसा हो सकता है, खासकर दक्षिण-एशियाई क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण मुद्रा के रूप में आज सभी के सामने आ रहा है।' रूबिनी सिर्फ इतना कहकर ही नहीं रुकते, वे आगे कहते हैं कि भले ही अभी तक कोई अन्य मुद्रा नहीं है, जो अमेरिकी डॉलर को उसके पायदान से नीचे गिराने में सक्षम हो, ग्रीनबैक तेजी से चीनी युआन के लिए अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त खो रहा है और दूसरी ओर भारत का रुपया अन्य कई देशों में डॉलर के स्थान पर दो देशों (भारत एवं अन्य) के बीच व्यापारिक संबंध में परिचालन का स्थान लेता जा रहा है।

रूबिनी मध्यम अवधि में भारत में सात प्रतिशत की वृद्धि होते देख रहे हैं । उनका कहना यह भी है 'भारत की प्रति व्यक्ति आय इतनी कम है कि वास्तव में सुधार के साथ, निश्चित रूप से सात प्रतिशत, लेकिन आठ प्रतिशत से भी अधिक संभव है, लेकिन उस विकास दर को हासिल करने के लिए आपको कई और आर्थिक सुधार करने होंगे, जो संरचनात्मक हों। यदि आप इसे हासिल कर लेते हैं, तो आप इसे कम से कम कुछ दशकों तक बनाए रख सकते हैं।' इसी के साथ वह यह भी साफ कर देते हैं कि यह बहुत हद तक देश की सरकार द्वारा बनाई जाने वाली आर्थिक नीतियों पर निर्भर करता है। कहने को विनोद बंसल विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख हैं, लेकिन इसके साथ ही उनकी एक पहचान पेशेवर व्यवसायी एक्सपर्ट की भी है। वह जिन भी संस्थानों में आर्थिक सलाहकार के रूप में जुड़े हैं, आर्थिक जगत में उन्हें आज नई ऊंचाइयां प्राप्त करते देखा जा सकता है, उन्होंने इस विषय पर बेहद उत्साहवर्धक जानकारी दी है।

बंसल न्यूयार्क टाइम्स के हवाले से बताते हैं, 'अब डॉलर का स्थान भारत का रुपया ले लेगा...। विनोद बंसल कहते हैं, सऊदी भारत को तेल रूपी में कर रहा है। डायरेक्टोरेट ऑफ फॉरेन ट्रेड यानी डीजीएफटी ने एक नोटिफिकेशन भी जारी किया था कि एक्सपोर्ट और इंपोर्ट रूपी में हो सकता है। आज 64 देश भारत से रूपी में लेनदेन को हामी भर चुके हैं, इसराइल, जर्मनी, इटली जैसे देशों ने भी रूपी में व्यापार करने की हामी भर दी है।

फिर इतना ही नहीं है, बंसल की मानें तो यूपीआई का अर्थ यूनाइट पेमेंट इंटरनेशनल का बढ़ता दबदबा बढ़ता जा रहा है। 50 देशों में हमारा रुपया का लेनदेन होते ही आईएमएफ में स्थान पा जाएगा, फिर हर देश को रिजर्व में रूपी भी रखना पड़ेगा। बस इंतजार है भारत के रिजर्व 1.5 ट्रिलियन होने का, भारत विश्व के शीर्ष पायदान पर देखा जाने लगेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता की चाहत में अपने संस्कार, नैतिकता, अतीत को न भूलें युवा

वर्तमान में हम जिस आधुनिकता के दौर में प्रवेश कर चुके हैं, उस वर्तमान समय में खासकर हमारे युवा अपने अतीत को भूलते जा रहे हैं, जो कि हमारे अतीत से जुड़ी कोई खास जानकारी और विशेषताओं के संदर्भ में कोई दिलचस्पी नहीं रखता है। आज का युवा आधुनिक यंत्रों से सुसज्जित हो चुका है, जहां पर वह अपने जीवन को गांव क्षेत्र से बाहर निकलकर उस अतीत से बहुत दूर होता जा रहा है।

जिन तमाम विपरीत परिस्थितियों और गांव क्षेत्र की विशेषताओं से उसका खास सरोकार वर्तमान में भी होना चाहिए, आज अधिकांश क्षेत्रों के युवाओं में खासकर अपने गांव क्षेत्रों में अपने से बड़ों के प्रति आदर सम्मान और उनके प्रति हमारे रिश्ते-नाते किस प्रकार से हैं, इन सभी बातों से आज का युवा कहीं न कहीं बेखबर होता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि अभिभावक इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दे रहे हैं कि आधुनिकता के इस दौर में हम अपने बच्चों को गांव क्षेत्र से दूर भेजकर उच्च शिक्षा और भविष्य बनाने के लिए तो संघर्षरत हैं परंतु हमारा आने वाला भविष्य अर्थात युवा पीढ़ी को इन सभी रिश्तों नातों से बेखबर रख रहे हैं, जैसा कि अधिकांश क्षेत्रों में देखने को मिलता है कि जब कोई गांव का युवा अनेक वर्षों के उपरांत अपने गांव या किसी भी अपने स्थानीय मूल स्थान पर पहुंचता है तो यह सबसे बड़ी बात देखने और सुनने को मिलती है कि वह अपनी स्थानीय – बढ़ों के प्रति रिश्तों नातों से बेखबर होता है। इस कारण वह कुछ समय के लिए भी अपने गांव में रहकर उस वातावरण में अपने आप को नहीं ढाल पाता है।



**लेखक : हेमराज राणा**
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसकी अपेक्षा उनके तमाम अभिभावकों और गांव के बुद्धिजीवियों को रहती है कि हमें बच्चों और युवाओं को अपने मिट्टी, अपनी जड़ों से जुड़ा रहना चाहिए, बेशक हम जीवन में कितनी भी तरक्की और ऊंचाइयों तक क्यों न पहुंच जाएं, क्योंकि हमारी असली पहचान हमारे माता-पिता हमारा गांव, समाज ही होता है। जिस मिट्टी से हम पले-बढ़े और बुलंदियों पर पहुंचाने का प्रयास करते हैं, परंतु आज इस बात को हम सभी अभिभावकों और समाज को सुनिश्चित करना पड़ेगा कि आधुनिकता की चाह में अपने युवाओं और बच्चों से अपने अतीत से जुड़ी विशेषताओं और रिश्तों नातों की आहुति न दें, क्योंकि आए दिन हमें देखने को मिलता है कि गांव से शहरों की ओर पलायन और अपने गांव क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं और विशेषताओं से कोई सरोकार नहीं रख रहे हैं, मात्र अपने निजी जीवन तक सीमित होते जा रहे हैं।

वहीं, अपने बच्चों और युवाओं को भी अपने अतीत से वाकिफ नहीं करवा रहे हैं, क्योंकि हर गांव क्षेत्र के इतिहास की अगर हम जानकारी जुटाने का प्रयास करें तो निश्चित तौर पर हमारे अतीत में बहुत सी विशेषताएं देखने को मिलती हैं, जिन विशेषताओं और जन समस्याओं को अपने बच्चों और युवाओं तक ले जाने का प्रयास करते रहे। हर सिक्के के जैसे दो पहलु होते हैं, वैसे ही हर चीज के अच्छा व बुरा दोनों पक्ष होते हैं। यह मनुष्य पर निर्भर है कि वह कौन से पहलु का चुनाव करता है। अच्छे पक्ष का चुनाव हमें ऊंचाइयों तक पहुंचा देता है और गलत पहलु कहीं का नहीं छोड़ता, यही आज हो रहा है। आज की पीढ़ी नैतिकता व शिष्टाचार को भूल रही है। नैतिकता का न होना ही अशिष्टता का मुख्य कारण है। नैतिकता हमें हमारे परिवार व समाज से मिलती है। समाज हमारा उत्थान करने में सहायक होता है। शिक्षकों व अभिभावकों का नैतिक कर्तव्य है कि युवा पीढ़ी को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करें।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सबसे बड़ा दोष यह भी है कि वह हमारे बच्चों के व्यक्तित्व के निर्माण में सहायक नहीं है। शिष्टाचार एवं नैतिकता किसे कहा जाता है, यह कभी सिखाया ही नहीं जाता, बल्कि गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि विषयों पर जोर दिया जाता है, जिससे बच्चे पढ़ना तो सीख रहे हैं, लेकिन संस्कार, नैतिकता व शिष्टाचार किसे कहते हैं, उससे अनभिज्ञ हैं। हमारे स्कूलों में बच्चों के व्यक्तित्व का विकास सामाजिक वातावरण में रखते हुए करना चाहिए। आज हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपने बच्चों और युवाओं में आधुनिकता के इस दौर में संस्कार, नैतिकता, शिष्टाचार और अपने अतीत से बेखबर न रखें जिसका दायित्व हम सभी अभिभावकों और शिक्षकों पर रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर में 24 और 25 मई को होगी दूसरी रिहर्सल

**भरमौर।** एसडीएम एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी कुलबीर सिंह राणा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदान कर्मियों के लिए आयोजित होने वाले दूसरे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम (रिहर्सल) में आंशिक बदलाव किया गया है। हेलीपैड भरमौर में प्रस्तावित यह रिहर्सल 24 मई के बजाय अब दो दिन 24 और 25 मई को सुबह 9 बजे होगी।तदान टीमों की रिहर्सल पहले एक दिन 24 मई को प्रस्तावित थी, अब यह रिहर्सल दो दिन 24 और 25 मई को होगी। उन्होंने बताया कि पीठासीन अधिकारी और सहायक पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल 24 मई को निर्धारित की गई है तथा मतदान अधिकारियों की रिहर्सल 25 मई को होगी।

### साहो-प्रौथा सड़क पर वर्षाशालिका बनाने की मांग

**चंबा।** साहो-प्रौथा सड़क पर गांव कोट नामक स्थल पर वर्षाशालिका बनाने की ग्रामीणों ने गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान से रोजाना सैकड़ों लोग बसों पर चढ़ते व उतरते हैं। वर्षाशालिका न होने से लोगों को खुले आसमान के नीचे बस का इंतजार करना पड़ता है। उनका कहना है कि उक्त स्थान पर वर्षाशालिका बनाने के बारे में कई बार विभाग को भी अगवत करवाया गया है परंतु फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शीघ्र गांव कोट में वर्षाशालिका बनाई जाए।

### कृषि विभाग ने लगाया प्रशिक्षण कैंप

**चंबा।** जिला चंबा के विकास खंड मैहला में कृषि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि डॉ. कुलदीप धीमान ने किसानों को नकदी फसलों के उत्पादन, प्रर्वधन, मार्केटिंग के बारे में किसानों को जानकारी दी। साथ ही उन्होंने किसानों को नकदी फसलें जैसे मटर, फ्राशबीन, टमाटर, खीरा तथा विदेशी प्रजाति की सब्जियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर के दौरान किसानों को आत्मा परियोजना एवं कृषि विभाग व उद्यान विभाग की अन्य योजनाओं से भी रू-ब-रू करवाया गया। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों सहित क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### एटीएम मशीनों में पैसे न होने से उपभोक्ता परेशान

**चंबा।** जिला के परेल में स्थापित पीएनबी, व स्टेट बैंक के एटीएम में धन न होने के कारण क्षेत्र उपभोक्ताओं को पिछले लंबे समय से परेशानी के दौर से गुजरना पड़ रहा है। जबकि चंबा-पठानकोट हाईवे पर स्थित एटीएम उपभोक्ताओं की सुविधा अनुरूप मात्र शोपीस बनकर रह गए है। इन एटीएम मशीन में पैसा न होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। क्षेत्र लोंगों में राकेश कुमार, प्रवीन कुमार, अमन कुमार और दया कृष्ण ने बताया कि इन एटीएम मशीन में पैसा न होने से लोगों को खाली हाथ ही लौटना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बैंक प्रबंधन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन एटीएम मशीनों मे पैसा डाला जाए ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

### छात्र सहायता प्रकोष्ठ का किया शुभारंभ



**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय सलूणी में छात्र सहायता प्रकोष्ठ का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया के द्वारा किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक और व्यक्तिगत आवश्यकताओं में सहायता प्रदान करना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मोहिंद्र कुमार सलारिया ने कहा कि इस प्रकोष्ठ का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े तथा कमजोर वर्ग के छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। प्रकोष्ठ के समन्वयक सहायक प्राध्यापक पंकज कुमार ने कहा कि इस प्रकोष्ठ के माध्यम से वे छात्रों को सर्वोत्तम संभव सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सहायता के लिए पैसे का प्रयोग नहीं होगा पैसा सीधे लाभार्थी को जो सेवा आपेक्षित होगी उस एजेंसी को दिया जाएगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे।

# पुलिस कसेगी नशेड़ियों पर शिकंजा

## शिक्षण संस्थानों से बंक मारने वाले विद्यार्थियों पर भी होगी कार्रवाई



**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला पुलिस विभाग चंबा द्वारा सार्वजनिक स्थलों व एकांत स्थलों पर बेवजह घूमने, बैठने व नशा करने वाले शरारती तत्वों की धड़पकड़ के लिए अभियान आरंभ करने जा रहा है। जिसकी मुख्य वजह जिला के कुछ बुद्धिजीवियों द्वारा धार्मिक, सार्वजनिक व एकांत स्थलों अपत्तिजनक हालत में लैला-मजनुओं व स्कूल से बंक मारने वाले विद्यार्थियों सहित नशेड़ी युवाओं के रोजाना घूमने व बैठे रहने के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाना है।

जिला पुलिस ने इस दिशा में कड़ा संज्ञान लेते हुए पुलिस की एक विशेष टुकड़ी तैनात करने की योजना तैयार कर ली है, जो सुबह से लेकर सांयकाल तक अलग-अलग शिफ्टों में गश्त कर इस दिशा में उचित कार्रवाई अमल में लाएगी।

गौर हो कि मुख्यालय में स्थित चामुंडा मंदिर क्षेत्र, सांमदार, चामुंडा मार्ग, सूही मढ़ा, राजनौण, कन्या विद्यालय, महाविद्यालय, लक्ष्मी नारायण मंदिर, ऐतिहासिक चौगान व पार्क में अकसर रोड रोमियों, नशेड़ियों के बढ़ते प्रचलन के बाद आज कर नई युवा पीढ़ी में आशिकी का भूत सिर चढ़ बोल रहा है, जिससे उक्त स्थलों के साथ लगते नप वार्डों में बिगड़ते माहौल को देखते हुए कई बुद्धिजीवी वर्गों द्वारा इस दिशा में लंबे समय से कोई भी कार्रवाई पुलिस के समक्ष कड़ी आपत्ति जताई है।

इस विषय की गंभीरता व नई युवा पीढ़ी पर इस दिशा में पड़ने वाले प्रभाव के प्रति चिंता व्यक्त करते हुए जिला पुलिस हरकत में आ गई है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर की कार्रवाई

**पुलिस** विभाग द्वारा नियुक्त पुलिस गश्त दलों ने चिन्हित स्थलों का निरीक्षण कर अपनी कार्रवाई आरंभ कर दी है। पहले हुई कार्रवाई के तहत पुलिस दल ने उक्त क्षेत्रों में कई सरकारी गैर सरकारी स्कूलों से बंक मारे हुए विद्यार्थियों की धड़पकड़ कर उन्हें स्कूलों अथवा घरों की और खदेड़ दिया गया।

वहीं आशिकी के प्रेम लीला की डूबे कई युवक-युवतियों से भी पूछताछ कर उन्हें निकट भविष्य संबंधी चेतावनी भी जारी की गई। पुलिस की इस हरकत के बाद स्कूल, संस्थान विद्यार्थियों, आशिकों सहित नशेड़ियों में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थलों के नजदीक वार्ड वासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई की खूब सराहना करते हुए उचित कदम करार दिया है।

### कुछ युवाओं को चेतावनी देकर छोड़ा : जितेंद्र



**डीएसपी** जितेंद्र चौधरी पुलिस हेडक्वार्टर चंबा ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा युवा पीढ़ी को नशों व अन्य अपराधिक गतिविधियों से संरक्षण देने के विरुद्ध अभियान आरंभ किया है, जिसमें अभियान के दौरान पकड़े जाने वाले विद्यार्थियों, शरारती तत्वों, नशेड़ियों व आशिकी मिजाज युवक-युवतियों के स्कूल, संस्थान प्रबंधकों व परिजनों को सूचित कर मामले संबंधी उचित कार्रवाई अमल में लाए जाएगी। वहीं अभियान के पहले दिनों में कुछ पकड़े गए युवाओं को फिलहाल चेतावनी जारी कर पुलिस ने छोड़ दिया है। पकड़े गए युवा दोबारा ऐसी स्थिति में पाए जाते है तो उन पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बड़ग्रां में दो बुजुर्गों ने चुनाव का किया बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



महिला के हस्ताक्षर करवाते कर्मी।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत बड़ग्रां में 80 साल से ऊपर दो बुजुर्गों ने चुनाव का बहिष्कार करते हुए अपना वोट नहीं डाला है। भरमौर मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर जब इलेक्शन कमीशन की टीम घर द्वार पर जाकर वोट डलवाने के लिए पहुंची तो वहां पर इन बुजुर्ग वोटरों ने पंचायत की राय का हवाला देकर वोट डालने के बहिष्कार का ऐलान करते हुए वोट डालने से मना कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गुफी देवी पत्नी मेहतू राम व सोधा नई पंचायत की राय से सहमति करते हुए चुनाव का बहिष्कार कर दिया है।

गौरतलब है भरमौर की ग्राम पंचायत बड़ग्रां में स्थानीय पंचायत वासियों ने पिछले कई दिनों से सड़क व पलानी पुल का निर्माण न होने को लेकर लोगों ने चुनाव के बहिष्कार करने का ऐलान किया था। इसके बाद विभाग ने यहां पर चार ट्रक पुल के लिए बनाए गए समान पलानी नाले में भी फेंका था। हालांकि उसे वक्त लोगों को उम्मीद जगी थी कि शायद इस पुल का काम अब शुरू हो जाएगा, लेकिन करीब एक महीना भी जाने के बाद भी मात्र यहां पर कुछ गाड़ियां पुल के सामान की फेंकने पर काम शुरू न होने को लेकर लोगों ने एक बार फिर अनदेखी का आरोप प्रशासन और विभाग पर लगाया है।

उधर इस बारे में प्रधान ग्राम पंचायत बड़ग्रां शुभा देवी ने कहा कि पंचायत में 2 बुजुर्ग लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है। उन्होंने कहा है कि इस पंचायत में पलाणी नाले पर पुल व सड़क न होने के कारण पंचायत ने बहिष्कार करने का मन बनाया था।

# गांव तड़ोली में नहीं आ रही नियमित व स्वच्छ पेयजल की सप्लाई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

▶ लोगों की मांग-जल्द हो पेयजल की व्यवस्था

मुख्यालय के निकटवर्ती पंचायत सिंगी अधीन तड़ोली गांव में नियमित एवं स्वच्छ पेयजल सप्लाई न आने से उपभोक्ताओं को गत दिनों से पेयजल की किल्लत समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिसके चलते उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति के लिए क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक स्त्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है।

गांव तड़ोली में उभरे पेयजल संकट के प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए क्षेत्र वासियों में चमन लाल, मोहन, कुलदीप, राजेश, विवेक, राकेश, चुन्नीलाल, रमाकांत, मुनीश, रविंद्र, विशाल, अनुराग, कमल, प्रदीप, लक्की, सावित्री, पूजा, बालकु देवी, रमा, कमलेश, मीनाक्षी, अर्पणा, शीतल, तनुजा, सुशीला देवी, मीरा, नीलम, कांता देवी आदि ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गांव में कभी सुबह तो कभी शाम के समय एक तो नियमित रूप से पानी नहीं आ रहा है। वहीं जब पानी आता भी है तो इतना अस्वच्छ की पीना तो दूर व्यक्ति स्नान भी न करे। हालांकि इसके लिए स्थानीय लोगों ने विभागीय कर्मियों को अवगत तक करवाया गया। जिसके चलते उपभोक्ताओं को पेयजल कनेक्शन होने के बाद भी प्राकृतिक स्त्रोतों से पेयजल आपूर्ति करनी पड़ रही है।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों से गुहार की बाधित पेयजल व्यवस्था को जल्द से जल्द सुचारु करवा लोगों को राहत प्रदान की जाए।

# रोजाना रजिस्टर में दर्ज हो प्रचार में किया खर्च : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

▶ उम्मीदवार आचार संहिता की अनुपालना में करें सहयोग

व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी राकेश झा ने चुनाव प्रचार के खर्च का ब्यौरा रोजाना रजिस्टर में दर्ज करने को कहा है ताकि सहायक व्यय पर्यवेक्षकों एवं अकाउंटिंग टीमों द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर से इसका मिलान कर खर्च का सही आकलन किया जा सके।

प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार व्यय की पहली जांच करते हुए राकेश झा ने कहा कि अगर सभी उम्मीदवार रोजाना अपने खर्चों का ब्यौरा पारदर्शिता के साथ रजिस्टर में दर्ज करेंगे तो इससे उन्हें भी चुनाव खर्च की गणना करने में आसानी होगी। झा ने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल करते ही उम्मीदवार के खर्चे की गणना शुरू हो जाती है और चुनाव परिणाम घोषित होने तक जारी रहती है। व्यय पर्यवेक्षक ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के चुनावी खर्च वाले रजिस्टर की जांच अब 25 और 29 मई को होगी।

उन्होंने बताया कि चुनावी खर्चे का नियमानुसार हिसाब न देने वाले उम्मीदवारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है और उनके चुनाव लड़ने पर 3 साल तक का प्रतिबंध लग सकता है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित खर्च 95 लाख की सीमा से ज्यादा खर्चा पाए जाने पर चुनाव में विजयी हो जाने के बाद भी सदस्यता रद्द हो सकती है।

निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए व्यय पर्यवेक्षक ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे आदर्श आचार संहिता की अक्षरश: अनुपालना सुनिश्चित करने में अपना सहयोग दें।

# चंबा में कांग्रेस ने दी राजीव गांधी को श्रद्धांजलि



राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेस के नेता व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर चंबा सदर के आवास पर विधायक नीरज नैयर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। सभी नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और उनके कार्यो को याद किया। इस अवसर पर सदर विधायक नीरज नैयर ने अपने अभिवादन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल के दौरान देश में आधुनिक युग का आगाज हुआ है इसमें कोई दो राय नही है।

उन्होंने कहा कि 70 वर्षों के इतिहास को अगर भाजपा नेता अध्ययन करें तो उन्हें ज्ञात होगा हर आधुनिक क्रांति, विकास की नींव कांग्रेस पार्टी के हाथों और दिग्गज नेताओं की सोच ने गाथा लिखी है। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अब्दुल गनी, जगदीश हांडा, महासचिव नरेश राणा, पार्षद खालिद मिर्जा, अंजू राणा, भावना गुलाटी सहित अन्य मौजूद थे।

# चुनावी विज्ञापन प्रमाणित करवाना जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापनों का प्रसारण तथा प्रकाशन करने से पूर्व मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति एमसीएमसी से उनका प्रमाणीकरण करवाना अत्यंत अनिवार्य है, जिसके बारे में जिला में सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों व उनके प्रतिनिधियों को अवगत करवाया जा चुका है, इसके अलावा जिला के केबल ऑपरेटरों को भी इस संबंध में निर्देश जारी किए चुके हैं ताकि लोकसभा चुनावों के दौरान किसी भी अप्रमाणित राजनीतिक विज्ञापन का प्रसारण व प्रशासन न हो सके।

इस संदर्भ में उपायुक्त एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति एमसीएमसी अध्यक्ष मुकेश रेपसवाल ने बताया कि एमसीएमसी द्वारा 24 घंटे लोकसभा चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा बिना पूर्व प्रमाणीकरण के राजनीतिक विज्ञापनों के प्रसारण/प्रकाशन करने अथवा प्रिंट मीडिया में पेड समाचार लगाने वारे निगरानी की जा रही है।

मुकेश रेपसवाल ने बताया कि पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति बनाई गई है जहां से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया तथा बल्क एसएमएस इत्यादि के लिए पूर्ण प्रमाणीकरण प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशन के लिए चुनाव के अंतिम 48 घंटे पहले प्रमाणीकरण अनिवार्य है। प्रमाणीकरण के लिए आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी ऑडियो, वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्वयं द्वारा हस्ताक्षर प्रतिलिपि भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए एमसीएमसी के सदस्य सचिव व जिला लोक संपर्क अधिकारी चंबा को आवेदन किया जा सकता है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया में राजनीतिक विज्ञापन को प्रसारित करने के लिए अभी तक जिला में किसी भी दल या उम्मीदवार से अभी तक कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं किया है।

# पंचायत टिकरी के प्रधान पति शाह अली की कांग्रेस में वापसी

**आजम डार, तीसा**

ग्राम पंचायत टिकरी गढ़ के पूर्व उप प्रधान एवं वर्तमान प्रधानपति शाह अली ने समर्थकों सहित मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष कांग्रेस में वापसी की।



मुख्यमंत्री के साथ शाह अली।

बता दें कि शाह अली के पिता कासम दीन पूर्व में प्रधान, बीडीसी एवं पूर्व में कांग्रेस सरकार में बूथ स्तर पर, खण्ड स्तर पर तथा जिला स्तर पर कई पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। ईमानदार छवि का परिवार के रूप में इनकी पहचान होती है। 35 वर्षों से निरंतर पंचायत राजनीति में सक्रिय हैं। निस्वार्थ सेवा भाव और ईमानदार छवि के कारण हर कोई इनका मुरीद है जिस कारण सभी पंचायतों के लोग इन्हें बहुत पसंद करते हैं।

इनकी कांग्रेस में वापसी से खाशकर कांग्रेस परिवार बहुत खुशी महसूस कर रहा है। कांग्रेस नेता यशबंत खन्ना, पूर्व विधायक सुरेंद्र, पूर्व अध्यक्ष स्टेट हज कमेटी दिलदार अली बट्ट, परवेज बट्ट, अधिवक्ता लतीफ मुहम्मद, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष अश्विनी, कर्म चंद सहित आदि के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

# अमित बने आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर से ताल्लुक रखने वाले अमित भरमौरी को हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर अमित भरमौरी ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल अखिल भारतीय राष्ट्रीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला वह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय दत्त का आभार व्यक्त किया है।



आभार व्यक्त करते अमित भरमौरी।

कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर अमित भरमोरी ने कहा है की पार्टी हाई कमान ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका वह पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

उनका पहला लक्ष्य लोकसभा चुनाव 2024 है जिसमें प्रदेश की सभी सीटों पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को जिताना है। मंडी संसदीय क्षेत्र से इस बार विक्रमादित्य सिंह को भारी मतों से जीता कर लोकसभा में भेजा जाएगा। साथ ही आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के संगठन की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और इस संगठन को बूथ लेवल तक मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही अमित भरमौरी दो बार जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं। वह एक बार जिला परिषद अध्यक्ष की जिम्मेदारी को भी निभा चुके हैं।

### सूडोकु 0070 ★★★★ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0069 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

22 मई, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** चतुर्दशीः (6:49) : **नक्षत्र :** स्वाति (7:46), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** वरियान (12:35) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:44), **राहुकाल** (12:17 -02:00।

### विशेष दिन

- 22 मई 2024 : छिन्नमस्ता जयंती आज।
- 22 मई 2024 : राजा राममोहनराय आज।
- 23 मई 2024 : पीपल पूर्णिमा कल।

**मेषः** आज धनलाभ का योग है। कम बोलें पर अच्छा बोलें। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आर्थिक निवेश में सोच-समझकर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

**वृषभः** व्यापार-व्यवसाय में चल रही उलझनों से परेशान रहेंगे। परिजन के साथ अपने विशेष कार्य की पूर्ति के लिए देव स्थलों का भ्रमण करेंगे।

**मिथुनः** दिन की शुरुआत में क्रोध हावी रहेगा। मन माफिक काम न होने से परिजनों पर नाराज होंगे। नौकरी में नया प्रस्ताव मिलेगा। धार्मिक रुचि बढ़ेगी।

**कर्क :** निवेश किए धन से अर्जित होने वाले लाभ में विलंब होगा। अर्थ व्यवस्था बिगडने से निर्माण कार्य की गति प्रभावित हो सकती है।

**सिंहः** कम समय में अधिक लाभ अर्जित करने के चक्कर में न उलझें। मेहनत करें, कार्यस्थल पर आपके पराक्रम की प्रशंसा बढ़ेगी।

**कन्या :** विशेष योगों के कारण मन में प्रसन्नता रहेगी। मन को भक्तिभाव में लगाने की कोशिश करें। कार्यस्थल पर अनुकूल परिणाम के लिए सक्रियता आवश्यक है।

**तुलाः** आलस को त्याग कर काम करें। रुके कार्य में सफलता मिलेगी। पूंजी निवेश में सोच से अधिक लाभ होगा। कार्ययोजना और निर्णय पर अमल करना जरूरी है।

**वृश्चिकः** पूंजी निवेश लाभदायी रहेगा। कार्यस्थल पर मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार में वृद्धि होने के कारण काम आपकी योजनाओं के अनुसार होंगे।

**धनु :** समय रहते जरूरी दस्तावेजों को संभाल लें। सामाजिक कार्यों में सम्मान प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति क्रय करने में जल्दी न करें।

**मकरः** दैवीय कार्यों में दिन बीतेगा। आज रचनात्मक काम होंगे। नवीन अनुबंध व समझौतों के कारण आपके लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** पारमार्थिक कार्यों में धन लगेगा। सामाजिक कार्यों से सुयश मिलेगा एवं आप के प्रभाव में वृद्धि होगी। व्यापार अच्छा चलेगा।

**मीनः** कार्य की सफलता से मनोबल मजबूत होगा। कार्य की अधिकता रहेगी। अजनबी व्यक्ति का विश्वास न करें, धोखा मिल सकता है।

# शिव भूमि टैक्सी यूनियन ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

▶ यूनियन के अधीन केवल 60 टैक्सियां चलाने का लिया निर्णय

शिव भूमि टैक्सी यूनियन चंबा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन चेयरमैन संजय महाजन की अध्यक्षता ने की।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चंबा शहर के साथ किलोमीटर के दायरे में केवल पुरानी टैक्सियां ही कार्य करेंगी। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि यूनियन के अधीन केवल 60 टैक्सियां ही चलाई जाएंगी। जिनके लिए नया बस अड्डा, मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा, भरमौर चौक और मेन बाजार स्थान निर्धारित किए गए हैं।

इस अवसर पर संजय महाजन ने कहा कि चंबा शहर में कुछ लोग नियमों की अवहेलना करते हुए निजी वाहनों में सवारियां ढोने का कार्य कर रहे हैं। जिस पर यूनियन द्वारा जल्द ही रोक लगाई जाएगी।

साथ ही क्षेत्रीय परिवन अधिकारी चंबा को भी इसकी शिकायत की जायेगी ताकि ऐसे चालकों पर नकेल कसी जा सके।

इस मौके पर यूनियन प्रधान राकेश चौणा, उपप्रधान विकेश शर्मा, मोहन सिंह, संजय, अशोक, शक्ति लाल, अजय कुमार सहित कई पदाधिकारी व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# रावी में व्यक्ति ने लगाई छलांग

**आरके रांगड़ा, चंबा**

चंबा के बालू पुल से एक अज्ञात व्यक्ति ने रावी नदी में चलांग लगा दी। सोमवार देर रात रावी नदी में कूदने से एक व्यक्ति लापता है।



लापता व्यक्ति की पहचान विवेक कुमार पुत्र हेमलाल गांव करेल पांगी के रूप में हुई है। वहीं परिजनों और रिश्तेदारों ने पुलिस टीम के साथ मिलकर मध्य रात्रि तक रावी नदी में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन अभी तक उसका कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। मंगलवार आज सुबह फिर से राफ्टिंग के जरिए लापता व्यक्ति को तलाशने का अभियान आरंभ किया गया है। बताया जा रहा है की व्यक्ति सरकारी सेवा में कार्य रात है।

पुलिस अधीक्षक चंबा अभिषेक यादव ने बताया की रावी नदी में चलांग लगाने वाले व्यक्ति का अभी तक कोई भी सुराग नहीं लग पाया है। लापता को तलाशने का अभियान जारी है।

# पुलिस ने छापेमारी कर अवैध शराब को किया नष्ट

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

पंजाब व हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उपायुक्त प्रीत पाल सिंह के नेतृत्व में आबकारी टीम व हिमाचल पुलिस ने इंदौरा के छन्नी बेली में छापेमारी की।

इस दौरान उक्त क्षेत्रों में अवैध शराब लाहन को नष्ट किया गया। छापेमारी के दौरान अवैध शराब के भूमिगत टैंक, ड्रमों व कैनियों में रखी गई लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। छापेमारी में लाहन की 50 लाख मिलिलीटर मात्रा को मौके पर नष्ट किया गया, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। बताया जा रहा है कि उक्त शराब का प्रयोग चुनावों में किया जाना था। उपायुक्त प्रितपाल सिंह ने बताया कि शिकायतें लगातार मिल रही है जिनपर विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

विभाग ने शराब की तस्करी इत्यादि की शिकायतों को दर्ज करने हेतू उपायुक्त राज्य कर एवं आबकारी, राजस्व जिला नूरपुर स्थित जाच्छ के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग, नूरपुर द्वारा अब तक अवैध देसी 664 बल्क लीटर, अंग्रेजी शराब 812 बल्क लीटर, लाहन 173170 बल्क लीटर तथा बीयर 188 बल्क लीटर पकड़ी है जिसकी कुल कीमत लगभग 1 करोड़ 83 लाख 26 हजार 660 रुपए है।

# चंबा के नवाज अली ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह के झमरानी कोठी में मेले में विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें नामी पहलवानों ने भाग लेकर कुश्ती की। इस दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी व हिमाचल कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जगदीश ठाकुर ने शिरकत की।

मुख्यातिथि ने ग्रामवासियों को मेले व कुश्ती के आयोजन के लिए बधाई दी व कहा कि मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं। युवाओं को इसमें बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए, तभी यह बची रह पाएगी।

उन्होंने युवाओं को नशे से बचे रहने व खेलकूद में सक्रिय रहने का आग्रह किया। कुश्ती में बड़ी माली चंबा के नवाज अली व कैथल हरियाणा के रजत में मुकाबला हुआ, जिसमें चंबा के नवाज अली ने विजय प्राप्त की। वहीं छोटी माली के लिए मंडी के विजय चौधरी व दिल्ली के विकास में कड़ा मुकाबला हुआ, इसमें विजय ने मुकाबला जीता।



विजेता पहलवान को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

वहीं विजेता पहलवान नवाज अली को 15000 रुपए नगद व गुर्ज तथा उप विजेता पहलवान रजत को 11000 देकर सम्मानित किया। वहीं छोटी माली के विजेता पहलवान मंडी के विजय चौधरी को 9000 व गुर्ज तथा उपविजेता रहे दिल्ली के विकास को 5000 रुपए नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**नयनादेवीजी।** सदर थाना क्षेत्र के छड़ोल गांव की एक महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार छड़ोल गांव की सुरेंद्रा 45 ने घर पर रविवार शाम को किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ता देख परिजन महिला को एम्स बिलासपुर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक महिला के परिजनों के बयान दर्ज किए। पुलिस के अनुसार परिजनों ने किसी प्रकार का शक जाहिर नहीं किया है। उधर, बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

### आज इन क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली

**चौपाल,नेरवा।** 22 केवी नियंत्रण केंद्र के जरूरी रखरखाव कार्य के चलते क्यारनू, पौड़िया और बमटा में आज यानी 22 मई को प्रातः नौ से सायं पांच बजे तक एवं शानग, कोटी, सराहं व शेइला में प्रातः नौ से सायं तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता नेरवा भारत भूषण ने बताया कि बारिश अथवा कार्य समाप्त न होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने उक्त क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग का आग्रह किया है ।

### स्लोगन राइटिंग में दिव्या फर्स्ट

**रोहडू।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को रोहडू विधानसभा क्षेत्र के सबसे पुराने और ऐतिहासिक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अढ़ाल में कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। यहां के छात्रों ने स्लोगन राइटिंग के माध्यम से लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। स्लोगन राइटिंग में लगभग 20 छात्रों ने भाग लिया। इसमें प्रथम तीन को स्वीप अधिकारी प्रो. भरत खेपान द्वारा प्रमाणपत्र और कॉपी पेन पुरस्कार के रूप में दिया गया। स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान दिव्या, द्वितीय स्थान अनंत और तीसरा स्थान संयुक्त रूप से नितिन व उत्कर्ष ने प्राप्त किया।

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**दधोल।** आईटीआई बरठीं में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। साथ ही बरठीं चौक पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य आम जनता को शत-प्रतिशत मतदान देने के लिए प्रोत्साहित करना था, ताकि आगामी एक जून को होने वाले लोकसभा चुनावों में सभी लोग अपने मत का सही प्रयोग कर सके। इस कार्यक्रम में संस्थान की समूह अनुदेशिका राजो देवी, स्वीप के नोडल अधिकारी अरुण शर्मा और संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया ।

### मतदान करवाने के लिए रवाना हुई टीमें

**झंडूता।** लोकसभा चुनावों को लेकर उपमंडल झंडूता से इलेक्शन कमीशन द्वारा गठित टीमें मंगलवार को रवाना हो गई। जोकि विकलांग व 85 वर्ष के आयु के ऊपर के बुजुर्गों से घर-घर जाकर मतदान करवाएंगे। इसमें टीमें चिन्हित व्यक्तियों से बैलेट पेपर के माध्यम से घर में मतदान करवाएंगे। झंडूता की तहसीलदार अर्शिया शर्मा ने बताया कि ये मतदान शुरू हो गया है। इसमें टीमें घर-घर जाकर लोगों से मतदान करवाएंगी। यह मतदान प्रक्रिया 21 से 24 मई तक चलेगी।

### मतदान को लेकर जागरूक किए लोग

**श्रीनयनादेवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मजारी के बच्चों ने स्वीप गतिविधि के अंतर्गत एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय गांव में जाकर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने के लिए तथा मत अधिकार का प्रयोग एवं महत्व बताने के लिए जागरूक किया। स्वीप प्रभारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय से 15 बच्चों के एक दल ने सहयोगी अध्यापिका नीलम कुमारी, रेखा कुमारी, शैली, प्रमोद कुमारी तथा दलजीत सिंह के साथ मिलकर एक नुक्कड़ नाटक तैयार किया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न संदेश लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए जनता को दिए अंत में बच्चों ने स्थानीय लोगों से मिलकर अपने वोट का पहली जून को प्रयोग करने का निवेदन किया।

### नुक्कड़ सभाओं से बताया मतदान का महत्व

**बिलासपुर।** जिला में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षण संस्थाओं ने एकदिवसीय नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। मंगलवार को शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने अपने आसपास के क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। नुक्कड़ सभाओं का मुख्य उद्देश्य जिला बिलासपुर के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि 21 मई को जिला बिलासपुर के सभी शिक्षण संस्थानों को अपने आसपास के क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं के आयोजन के लिए स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी के माध्यम से उपनिदेशक शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा द्वारा पत्राचार किया गया था जिसके तहत आज लगभग सभी शिक्षण संस्थाओं ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। नुक्कड़ सभाओं के उपरांत स्कूली छात्र-छात्राओं ने स्वीप रैली का भी आयोजन किया और पहली जून को मतदान करने के लिए लोगों को नारे लगाकर जागरूक किया गया।

### भाटगढ़ स्कूल में लगा रक्तदान शिविर

**शिमला।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मंगलवार को स्कूल में एकदिवसीय रक्त जांच और सामान्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में सिविल हॉस्पिटल ददाहु से डॉ. अमनप्रीत और डॉ. हिमानी के नेतृत्व में चिकित्सा टीम द्वारा स्कूल के एनएसएस के सभी 60 स्वयंसेवकों के सहित स्कूल के अन्य बच्चों के रक्त जांच और सामान्य चिकित्सा जांच की गई। सिविल हस्पताल ददाहू से पहुंची टीम ने स्कूल के सभी विद्यार्थियों इस वीपी, शुगर, एचआईवी, ब्लड ग्रुप इत्यादि टेस्ट किए।

### पेंटिंग प्रतियोगिता जून माह में होगी आयोजित

**घुमारवीं।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा के तहत चलाए गए विद्यार्थी जागरूकता अभियान के अंतर्गत घुमारवीं उपमंडल के 23 विद्यालयों के 600 छात्र-छात्राएं सहभागी हुए। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि 25 मई तक इस अभियान को पूरा करके 27 मई को इस प्रतियोगिता में अपने अपने स्कूलों में प्रथम, दूसरे व तीसरे स्थान पर आए विद्यार्थियों को पुरुस्कार प्रदान किए जाएंगे। ये पुरस्कार स्थानीय विद्यालयों में प्रधानाचार्य के माध्यम से बच्चों को दिए जाएंगे। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि अपने-अपने विद्यालयों में पुरुस्कार प्राप्त करने वाले विधार्थियो के लिए उपमंडल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता जून माह में आयोजित की जाएगी। वहीं, उपमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1000, 900 और 800 कि राशि दी जाएगी।

### राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप का समापन

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बगटुर चैंपियनशिप का समापन बिलासपुर में हुआ। इसमें बतौर मुख्यातिथि कहलुर एडवेंचर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष सरित कुमार शर्मा मौजूद रहे। हिमाचली परंपरा अनुसार हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा, राज्य महासचिव सराज अख्तर एवं टेक्निकल डायरेक्टर बृजलाल चौहान ने मुख्यातिथि कहलूर एडवेंचर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष सरित कुमार शर्मा को हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि कहलूर एडवेंचर एंड एरो एलाइड स्पोर्ट्स सोसायटी के अध्यक्ष सरित कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का भविष्य है और वह नशे के दलदल में फस अपना भविष्य खराब न करें।

### अच्छी शिक्षा देने को दो नए चैटबॉट्स लांच

**शिमला।** समग्र शिक्षा हिमाचल स्कूलों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही इनके सीखने के स्तर का भी आकलन कर रहा है। बच्चों के सीखने का स्तर (लर्निंग लेवल) जांचने के लिए समग्र शिक्षा ने दो नए चैटबॉट्स लांच किए हैं। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से लांच किए गए इन चैटबॉट्स की मदद से कक्षा पहली से लेकर आठवीं कक्षा तक के स्कूली बच्चों का आसानी से आकलन किया जा सकेगा। शिक्षा सचिव राकेश कंवर और समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने इन चैटबॉट्स को लांच किया। स्कूली बच्चों के उनकी कक्षाओं के अनुरूप सीखने के स्तर का आकलन के लिए विद्या समीक्षा केंद्र (वीएसके) की ओर दो चैटबॉट्स, निपुण प्रगति (हिमाचल) और मूल्यांकन (हिमाचल) लांच किए गए हैं। इनमें निपुण प्रगति चैटबॉट के माध्यम से पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों के सीखने के स्तर का आकलन किया जाएगा। जबकि मूल्यांकन चैटबॉट तीसरी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का आकलन किया जा सकेगा। वीएसके की ओर से इन चैटबॉट्स का डेमोंस्ट्रेशन भी शिक्षा सचिव राकेश कंवर और समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को दिया गया। इस दौरान चैटबॉट्स के माध्यम से बच्चों को सवाल दिए गए। इनको बच्चों ने हल किया। ये चैटबॉट्स आसान तरीके से बच्चों के सीखने के स्तर और क्षमताओं को जांचने में सहायक हैं।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लोग बेहतर उपचार से वंचित

## सड़क का कार्य पूरा न होने पर नहीं शुरू हुई पूरी ओपीडी, मरीजों को करना पड़ रहा दिक्कतों का सामना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल का एकमात्र सुपरस्पेशलिटी अस्पताल सड़क के लिए तरस रहा है। सड़क का कार्य पूरा न होने से सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में बेहतरीन उपचार नहीं मिल पा रहा है। हालांकि सड़क का कार्य चला हुआ है, लेकिन पूरा नहीं हो पा रहा है।

**पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने किया था उद्घाटन**

ऐसे में अभी भी कई ओपीडी शुरू नहीं हो पा रही है। प्रशासन का दावा है कि सारी ओपीडी तभी शुरू होगी जब सड़क का कार्य पूरा होगा। इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एम्स जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इस अस्पताल में पांच ओपीडी को शुरू किया गया है। यहां 400 बेडों की सुविधा है। यहां एडवांस 256 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन लगाई गई है। वहीं, आने वाले वर्षों में लोगों को बेहतर इलाज की तलाश में चंडीगढ़ पीजीआई या दिल्ली एम्स जैसे अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। शिमला के चमियाना में प्रदेश का एकमात्र सुपरस्पेशलिटी अस्पताल मौजूद है। इस अस्पताल में वह सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। जो चंडीगढ़ पीजीआई या एम्स दिल्ली में मिलती है। यहां विभिन्न प्रकार के आधुनिक उपकरण मौजूदा है। जो हिमाचल में अपनी तरह के अकेले उपकरण है। अटल सुपरस्पेशलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाना का उद्घाटन 28 सितंबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया गया था।



**एडवांस सीटी स्कैन मशीन स्थापित**

**चमियाना** में मौजूद सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में हिमाचल प्रदेश की सबसे एडवांस 256 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन लगाई गई है। इस मशीन के माध्यम से दिल में होने वाली ब्लॉकेज का पता भी लगाया जा सकता है। मशीन के लगने के बाद अभी तक 100 लोगों का सीटी एनजीओ किया जा चुका है। इसके साथ ही यहां नौ मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर भी स्थापित किए गए है। पैथ लैब को भी चमियाना में इंस्टाल कर लिया गया है।

### माइनर ऑपरेशन भी हो चुके हैं शुरू

**चमियाना** अस्पताल में माइनर ऑपरेशन की सुविधा भी शुरू की जा चुकी है। इन ऑपरेशन के लिए मरीज को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके अलावा पांच ओपीडी को भी अस्पताल में शुरू किया जा चुका है। इसमें न्यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, पीडियाट्रिक, गैस्ट्रोलॉजी और ऑनकोलॉजी शामिल है। आने वाले समय में अन्य ओपीडी को भी जल्द शुरू किया जाएगा। जल्द मिलेगी मरीजों को सुविधा।

### नयनादेवी मंदिर में पुजारी पर हमला

**श्रीनयनादेवी।** विख्यात तीर्थस्थल श्रीनयनादेवी के मंदिर में एक श्रद्धालु ने एक पुजारी पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें पुजारी आंशिक रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह माता के दर्शनों को आए कुछ श्रद्धालु जो कि हवन कर रहे थे। हवन में नारियल की बली की प्रथा के चलते जब पुजारी ने नारियल की बली करने को कहा तो श्रद्धालु ने लोहे का खड़ग उठाकर पुजारी के कान पर दे मारा। इसके चलते पुजारी की जान तो बच गई, परंतु फिर भी पुजारी के खड़ग कान को चीरता हुआ चला गया। पुजारी के कान से खून बहने लगा तथा तुरंत वहां पर बैठे पुजारियों ने उस श्रद्धालु को पकड़ा तथा उससे पूछताछ भी की तथा पाया कि वह श्रद्धालु कुछ दिमागी तौर पर बीमार था। इसके चलते पुजारियों ने उसे छोड़ दिया। वहां प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार पता चला कि श्रद्धालु बहुत ही श्रद्धा पूर्ण से हवन कर रहा था, एकाएक उस श्रद्धालु ने क्यों पुजारी को खड़ग मारा उसका अभी पता नहीं चल पाया, परंतु दिमागी रूप से परेशान उस श्रद्धालु को पुजारी ने बक्श दिया तथा उसे घर जाने दिया।

## शतरंज में वैदिक जिंटा ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इंडोर स्टेडियम रोहडू में शतरंज प्रतियोगिता का समापन किया गया। इसमें विभिन्न स्तरों के फाइनल खेले गए और विजेता प्रतियोगियों को सहायक निर्वाचन अधिकारी कम एसडीएम रोहडू विजय वर्धन सारस्वत ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।




इस स्वीप कार्यक्रम में शतरंज के अलावा सुडोकू का आयोजन किया गया। सामान्य श्रेणी में प्रथम अदित्य, द्वितीय दीक्षित भोक्टू, तृतीय स्थान प्रो. भरत खेपान, चतुर्थ अशोक कुमार, पंचम जय मोतियाण, छट्टा सुनील, सातवां विनय जागियान व आठवां स्थान सनिश ने प्राप्त किया। महिला सामान्य में प्रथम आरुषि ठाकुर और द्वितीय स्थान निर्मला देवी ने प्राप्त किया। शतरंज में दस वर्ष श्रेणी में प्रथम स्थान वैदिक जिंटा, द्वितीय स्थान वर्णित ने प्राप्त किया। 15 वर्ष श्रेणी में प्रथम आरुषि ठाकुर, द्वितीय आदर्श शर्मा रहे। वहीं, 25 वर्ष श्रेणी में जय मोतियाण प्रथम और अदित्य रेटका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सुडोकू में परवन्त सामटा ने प्रथम और बादल सेवग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## ज्यादा गर्मी होने से बढ़ने लगी आंखों की बीमारी : डॉ . प्रवीन

**आशिमा वैरागी, शिमला**

गर्मियों के मौसम में आंखें खराब होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। आंखों की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए गर्मियां परेशानी का सबब बन कर आती है। गर्मियों में बच्चों सहित युवाओं और बुजुर्गों में आंखों की एलर्जी की शिकायतें सामने आती है।



आंखों पर सीधी धूप पड़ने से यह समस्या ज्यादा बढ़ने लगती है। ऐसे में बच्चों सहित युवाओं और बुजुर्गों को गॉगल्स लगाने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा टोपी लगाने की सलाह भी दी जाती है। गॉगल्स और टोपी लगाने से आंखों पर सीधी धूप नहीं पड़ती है, जो आंखों के लिए लाभदायक होती है। वहीं, आंखों को ठंडा रखने के लिए गॉगल्स लगाने और टोपी पहने की सलाह दी जाती है। इस दौरान गॉगल्स की क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। गॉगल्स पर लगे ग्लास की क्वालिटी यदि बेहतर होगी, तो आंखों पर सीधी रोशनी नहीं पड़ेगी। बेहतर क्वालिटी के ग्लास से आंखें ठंडी रहती है। सस्ती और घटिया क्वालिटी के गॉगल्स लगाने से आंखों पर स्ट्रेन पड़ता है। आंखों पर स्ट्रेन पड़ने से आंखों में विभिन्न प्रकार की परेशानियां हो सकती है। इसलिए लोगों को बेहतर क्वालिटी के गॉगल्स लगाने की सलाह दी जाती है। (अनंत ज्ञान)

**आंखों पर न पड़ने दें सीधी धूप**

**डॉ.** प्रवीन पंवर ने बताया कि गर्मियां बढ़ने से कई लोगों की आंखों में एलेर्जी बढ़ने की शिकायतें सामने आती है। ऐसे लोगों को गॉगल्स और टोपी लगाने की सलाह दी जाती है, ताकि धूप सीधा उनकी आंखों में न पड़े। आंखों में जितनी कम सीधी धूप पड़ेगी, उतनी ही आंखें ठंडी रहेगी और कंफर्टेबल रहेगी। सीधी धूप पड़ने से आंखों में एलर्जी के ज्यादा आसार रहते हैं।

## घुमारवीं में अवैध होर्डिंग हटाने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

नगर परिषद घुमारवीं ने शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग पर कार्रवाई करते हुए इन्हें हटाने का काम शुरू कर दिया है। शहर में कई स्थानों पर लगाए गए अवैध होर्डिंग नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा हटाए गए। प्रदेश में तेज अंधड़ चलने की चेतावनी के बाद शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग लोगों की जान जोखिम में डाल रहे थे। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने इस मुद्दे को अवैध होर्डिंग से खतरे में लोगों की जान नामक शीर्षक से प्रमुखता से उठाया था।

खबर छपने पर नगर परिषद हरकत में आया और सोमवार को ही शहर में लगाए गए अवैध होर्डिंग को हटाने का कार्य शुरू किया गया। सबसे पहले घुमारवीं में बनाए गए ओवरहेड फुट ब्रिज पर लगाए गए सभी होर्डिंग पोस्टर तथा अन्य प्रचार सामग्री को पूर्ण रूप से हटा दिया गया। इससे पहले शहर में लगाए गए इन अवैध होर्डिंग को लगाने वाले एक भी व्यक्ति को नोटिस तक जारी नहीं किया जाता था। जबकि न्यायालय ने कुछ समय पहले प्रदेश भर के शहरों में लगे अवैध होर्डिंग को नहीं हटने पर प्रदेश की नगर निकायों की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े किए थे। वहीं, घुमारवीं शहर के लगभग हर गली मोहल्लों, राष्ट्रीय राजमार्ग, बिजली के खंभों, दीवारों और घर की छतों पर प्रचार की सामग्री अवैध रूप से लगाई गई थी।

## सीएम सुक्खू हरेक मोर्चे पर हुए विफल साबित : संदीपनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रेसवार्ता करते संदीपनी भारद्वाज।

प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार निकम्मी सरकार है पिछले 15 महीनों में सुक्खू सरकार ने प्रदेश की हालत बद से बद्दतर बना दी है व हर एक मोर्चे पर विफल साबित हुई हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार की निकम्मी योजनाओं की वजह से प्रदेश लगातार आर्थिक संकट व भारी कर्ज के बोझ के तले दबता जा रहा हैं।

एक तरफ तो सुक्खू सरकार कहती है कि प्रदेश सरकार के पास पैसे का अभाव है। वहीं पिछले 15 महीनों में प्रदेश सरकार में कई तरह के कैबिनेट रैंक के पद सीपीएस, सलाहकार आदि राजनीतिक लाभ के पद रेवड़ियों की तरह बांटे गए हैं। इस प्रदेश सरकार के सत्ता में आने के बाद से प्रदेश में अभी तक कोई भी भर्ती प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है और कांग्रेस की गारंटियां मात्र झूठी गारंटियां बन कर रह गई है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आयुष्मान भारत की कल्पना की, जिसमें देश और प्रदेश के लाखों लोगों का मुफ्त ईलाज सुविधा प्रदान की गई। इसके तहत हिमाचल प्रदेश में 4 लाख 33 हजार लोगों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ। देश में प्रधानमंत्री मोदी के साथ-साथ प्रदेश में जयराम ठाकुर की भी बहुत संवेदनशील सरकार थी और हम यही नहीं रूके हमने एक हिमकेयर योजना लाई। इससे हिमाचल प्रदेश में 8.5 लाख लोगों को इसका लाभ मिला, लेकिन फ्री दवाई और फ्री इलाज की छोड़िए लगभग 353 करोड़ रुपए हिमकेयर की देनदारी इस सुक्खू सरकार की शेष पड़ी है। इसकी वजह से पीजीआई, आईजीएमसी और ऐसे हिमकेयर में जो संस्थान पंजीकृत है, लगभग 292 संस्थान वहां पर लोगों को यह फ्री ईलाज और मुफ्त दवाइयां की सुविधा इस प्रदेश में नहीं मिल रही है।



**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर में तीन दिन तक चलने वाले शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस कार्यक्रम में बिलासपुर जिला के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति कार्यक्रम में भाग लिया। आज मंदिर में स्थापित शिवलिंग का रुद्राभिषेक कर उसकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए आचार्य शशिकांत द्वारा शिव महिमा एवं गायत्री महायज्ञ से होने वाले पुण्य लाभों की चर्चा की।

## यूनिवर्सल कार्टन की अधिसूचना जारी करने का किसान सभा ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**



सेब की पेकेजिंग के लिए यूनिवर्सल कॉर्टन की अधिसूचना जारी करने लिए हिमाचल किसान सभा ने प्रदेश सरकार के इस प्रयास का स्वागत किया है।

किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि यूनिवर्सल कॉर्टन की अधिसूचना जारी होने से विशेषकर सेब उत्पादक क्षेत्र के किसानों को बिचैलियों से राहत मिलेगी । डॉ. तंवर ने सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार सेब के बॉक्स को वजन के हिसाब से मंडियों में बेचा जा रहा है। उसी तर्ज पर टमाटर को वजन के हिसाब से मंडियों में खरीदा जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में टमाटर का बहुत उत्पादन किया जाता है। किसान अपने टमाटर उत्पाद को क्रेट के माध्यम से मंडियों में भेजते हैं जहां पर क्रेट के वजन की बजाए किसानों का टमाटर बोली के आधार पर खरीदा जाता है जिससे किसानों को नुकसान होता है । उन्होंने सरकार से मांग की है कि सेब उत्पादक क्षेत्रों के लिए जिस प्रकार पुलिस की विशेष एसआईटी गठित की गई है जिसका क्षेत्राधिकार बढ़या जाना चाहिए ।

### मोबाइल पोलिंग पार्टियों को दिया प्रशिक्षण

**नेरवा,चौपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर 85 वर्ष से अधिक आयु एवं दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा एवं मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए चौपाल में मोबाइल पोलिंग पार्टी के लिए रिहर्सल का आयोजन किया गया। इसमें सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी चौपाल हेम चंद वर्मा द्वारा पोलिंग पार्टी के सदस्यों को मतदान से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए नौ मोबाइल पोलिंग पार्टियां बनाई गई है और दो मोबाइल पार्टियां रिजर्व रखी गई हैं। यह मोबाइल पोलिंग पार्टियां घर-घर जाकर उन 85 वर्ष से अधिक आयु के बुर्जुगों तथा दिव्यांग मतदाताओं से मतदान करवाएंगी, जिन्होंने घर से मतदान करने का संकल्प चुना है। यह कार्य 21 मई से लेकर 29 मई तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अति आवश्यक है कि कोई भी बुर्जुग व दिव्यांग मतदाता मतदान से वंचित न रह सके। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मोबाईल पोलिंग पार्टी के सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी।


**परेशानी** | आगामी सेब सीजन में उत्पादन में भारी कमी की जताई जा रही आशंका

## बेमौसमी बारिश-ओलावृष्टि से सेब की फसल को नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पहाड़ी क्षेत्रों में सेब की खेती के लिए मशहूर हिमाचल प्रदेश में इस साल खराब मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण सेब की फसल को भारी नुकसान हुआ है। अप्रैल-मई के महीने में जहां बगीचों में फूल आने लगते थे, वहीं इस दौरान हुई बारिश और ओलावृष्टि ने फूलों को नष्ट कर दिया है। इसके कारण आगामी सेब सीजन में उत्पादन में भारी कमी की आशंका जताई जा रही है।

इससे न केवल बागवान, बल्कि मंडियों को संचालित करने वाले आढ़ती, सेब की आवागमन से जुड़े ट्रांसपोर्टर से लेकर निजी सीए स्टोर ऑपरेटर्स तक सभी चिंतित हैं। जबकि फिलहाल 800 से 1000 रुपए प्रति बॉक्स का नुकसान झेल रहे सेब बागवानों को इस सीजन अच्छा मुनाफा कमाने से अधिक चिंता पिछले साल के नुकसान और कर्ज की भरपाई की सता रही है। कुछ निचले क्षेत्रों में जहां फल लगना शुरू हो गए थे, वहां भी ओलावृष्टि के कारण ज्यादातर फल झड़ गए हैं। हालांकि ऊंचाई वाले सेब बहुल इलाकों में अभी कुछ उम्मीद बरकरार है, लेकिन मौसम गर्म न हुआ तो सेब फसलों के प्रभावित होने की पूरी संभावना है। क्योंकि इस बार बगीचों में अब तक तापमान में गर्मी न होने के कारण पौधों में केवल



पत्तियां ही नजर आ रही हैं। इस समय परागण प्रक्रिया आरंभ होती है तो तापमान 18 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहना चाहिए। इससे कम होने पर पौधों में फल बनने की संभावना क्षीण हो जाती है। वहीं, रामपुर, जुब्बल-कोटखाई व रोहडू क्षेत्रों में ओलावृष्टि से सेब की फसल को तो नुकसान हुआ ही है, साथ ही सेब के पौधों को भी भारी क्षति पहुंची है। इससे बागवानों की अच्छी फसल की उम्मीद भी टूट गई है। इसे देखते हुए कई बागवानों ने सरकार व प्रशासन से ओलावृष्टि से हुए नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

**सरकार से बेहतर कार्रवाई की उम्मीद**

**अब** लगातार खराब बने हुए मौसम के कारण, पिछले साल की तरह इस साल भी सेब का उत्पादन बेहद कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है। पिछले साल महज 1.80 करोड़ पेटियां ही मंडी में पहुंची थीं। ध्यान देने वाली बात है कि वर्ष 2010 में रिकार्ड पांच करोड़ पेटियों से ज्यादा सेब उत्पादन हुआ था। जबकि बीते 15 साल में केवल पांच बार ही तीन करोड़ पेटी सेब की पैदावार हुई है। अब मौजूदा हालात में बागवानों और सेब खरीदी करने वाली निजी कंपनियों, दोनों को सरकार से बेहतर कार्रवाई की उम्मीद है, ताकि नुकसान को कम से कम किया जा सके।

## केंद्रीय मंत्री ने अगर विकास करवाया होता तो समर्थन मांगने की नौबत नहीं आती : सांख्यान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने प्रेस को जारी बयान में आरोप लगाया है कि भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने चार बार के कार्यकाल में कुछ विकास करवाया होता तो आज दर-दर जाकर जनसमर्थन मांगने की नौबत नहीं आती।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री गली-गली जाकर भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं। जबकि उनके अनुयायी अति उत्साहित हैं, वे पांच लाख की लीड तय कर चुके हैं, लेकिन कुछ समय पहले सीएम का चेहरा घोषित हुए प्रो. प्रेम कुमार धूमल का हश्र वे भूल चुके हैं। बहरहाल केंद्रीय मंत्री का गांव-गांव गली-गली जाकर हाथ जोड़ना दर्शाता है कि उन्होंने अपने इस स्वर्णिम एवं ऐश्वर्य युक्त कार्याकाल में विकास तो दूर की बात है किसी नई योजना का सूत्रपात तक नहीं किया। भाजपा के दो गुटों में पिस रही इस संसदीय क्षेत्र की राजनीति में इस बार कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा एक उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। उन्हें सुनने के लिए उमड़ रही भीड़ इस बात की सूचक है कि जनता जुमलों की वास्तविकता को समझ चुकी है तथा अब इनके झांसे में नहीं आने वाली है। संदीप सांख्यान ने कहा कि पूरे देश में परिवर्तन की लहर है। उन्होंने कहा कि ने कहा कि यदि केंद्रीय मंत्री इस विधानसभा क्षेत्र के लिए कुछ किया है तो तथ्यों सहित लोगों को जानकारी दें, ताकि वे भाजपा की पक्ष में मतदान का सोचें, लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं है।

न्यूज ब्रीफ

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान इंफाल पूर्वी जिले के सबुंगखोक खुनाओ-ट्विचिन रेंज से तीन तात्कालिक लंबी दूरी के मोर्टार (पोम्पी), एक .303 राइफल, दो 12 बोर की बंदूकें, 25 लाइव राउंड कारतूस, एक चीनी रेडियो सेट, दो 36 नंबर हैंड ग्रेनेड बिना डेटोनेटर के बरामद किया गया।

## गाजा संघर्ष: जेनिन कैंप में डॉक्टर समेत सात की मौत

**जेनिन कैंपइमेज।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इसराइली सैन्य बलों ने वेस्ट बैंक के जेनिन शरणार्थी कैंप में छापेमारी के दौरान सात लोगों को मार दिया है। फिलिस्तीनी रेड क्रेसेंट का कहना है कि मारे गए लोगों में एक डॉक्टर भी शामिल है। वहीं, इसराइली सेना का कहना है कि उसने वेस्ट बैंक में लड़ाकों के खिलाफ अभियान चलाया है और कई बंदूकधारी मारे गए हैं। हाल के सप्ताहों में, इसराइली सेना ने जेनिन कैंप और वेस्ट बैंक के दूसरे हिस्सों में कार्रवाइयां तेज की हैं। गाजा में संघर्ष के बाद से वेस्ट बैंक में इसराइली सेना की कार्रवाइयों में बड़ी तादाद में लोग मारे गए हैं।

## ईडी का डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव के ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी धनशोधन जांच के तहत मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। ईडी की यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से हाल ही में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है।

## जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर थमी आवाजाही

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को यातायात के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने राजमार्ग को बंद करने का कोई विशिष्ट कारण नहीं बताया, लेकिन सूत्रों ने कहा कि मरम्मत कार्य के लिए राजमार्ग को बंद कर दिया गया है। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बंद करने के अलावा जम्मू और अन्य गंतव्यों जैसे चेनानी, पटनीटॉप, डोडा, रामबन, गूल, बनिहाल और श्रीनगर के बीच भी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि मुगल रोड और भद्रवाह-चंबा रोड पर यातायात सुचारु रूप से चल रहा है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार भेजते रहने की प्रतिबद्धता जताई


**वाशिंगटन।** रूस के हमलों से जूझ रहे यूक्रेन को अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने पूर्वी यूरोपीय देश को अमेरिकी हथियार भेजते रहने की सोमवार को प्रतिबद्धता जताई। ऑस्टिन और यूरोप तथा दुनियाभर के लगभग 50 रक्षा मंत्री यूक्रेन को अधिक सैन्य सहायता भेजने संबंधी कार्य में समन्वय के लिए बैठक कर रहे हैं। यूक्रेन रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप पर अपना बड़ा हमला शुरू करते हुए उत्तर-पूर्व में रूसी हमले को रोकने की कोशिश कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि हम चुनौती के क्षण में मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस द्वारा नए सिरे से किए गए हमले से पता चलता है कि यूक्रेन को हथियार भेजते रहना क्यों आवश्यक है।

## 'बेहद पीड़ा, दर्दनाक और शर्मिंदगी': स्वाति

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना का बयान आया है। वीके सक्सेना ने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और दुनिया भर के राजनयिक समुदाय का घर है। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ऐसी शर्मनाक घटनाएं दुनिया भर में भारत की छवि को धूमिल करती है। मामले में असंवेदनशील और षड्यंत्रकारी अवमाननापूर्ण सरकारी प्रतिक्रिया भी की जा रही है। वीके सक्सेना ने बयान में कहा कि वह स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री के आवास पर हुए हमले से व्यथित हैं।

## अभ्यास के लिए रोलां गैरो पहुंचे राफेल नडाल

**पेरिस।** रिकॉर्ड 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन रफेल नडाल तैयारी के लिए रोलां गैरो लौटे हैं, हालांकि उनके फॉर्म और फिटनेस को लेकर संशय की स्थिति है। 37 वर्ष के नडाल अपने कोच कार्लोस मोया और दो अभ्यास जोड़ीदारों के साथ यहां पहुंचे। फ्रेंच ओपन के मुख्य स्टेडियम पर अभ्यास देखने के लिए करीब 6000 दर्शक मौजूद थे। करीब डेढ़ घंटे तक चले अभ्यास सत्र के बाद नडाल ने प्रशंसकों को आटोग्राफ दिए और लॉकर रूम में चले गए। फ्रेंच ओपन रविवार से शुरू हो रहा है। नडाल कूल्हे की चोट के कारण 2023 में लगभग पूरे सत्र से बाहर रहे। वह हाल ही में इटालियन ओपन के दूसरे दौर में हुबर्ट हुरकाज से हार गए थे। अभी उन्होंने बताया नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन खेलेंगे या नहीं।



## मुक्केबाज चंद्रू ने जीता डब्ल्यूबीसी इंडिया राष्ट्रीय खिताब

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते हुए मुक्केबाज चंद्रू जी ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू उम्मीद के मुताबिक जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने हालांकि, धीमी की शुरुआत की और जसकरण (9-3) ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दूसरे दौर से हालांकि चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने चौथे और निर्णायक दौर में जसकरण के चेहरे पर दाएं हाथ से दमदार मुक्का जड़कर उन्हें धराशाई कर दिया। रैफरी केविन डेविड ने इसके बाद मुकाबला रोककर चंद्रू को विजेता घोषित किया।

## टोनी क्रूज यूरो-2024 के बाद लेंगे संन्यास

**मैड्रिड।** जर्मनी के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी टोनी क्रूज 2024 यूरोपीय चैंपियनशिप के बाद खेल को अलविदा कह देंगे। यह जानकारी उनके क्लब रीयाल मैड्रिड ने मंगलवार दी। उन्होंने बताया कि 34 साल के क्रूज ने यूरो 2024 के बाद पेशेवर फुटबॉलर के रूप में अपने करियर को समाप्त करने का फैसला किया है। क्लब ने कहा, ''रीयाल मैड्रिड टोनी क्रूज के प्रति अपना आभार और स्नेह व्यक्त करना चाहता है। वह हमारे क्लब के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के महानतम दिग्गजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे।''



## राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट करवाएगा सीए

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 10 से पहले होने वाली नौ टीमों की नई राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट की घोषणा की। प्रस्तावित प्रारूप के संबंध में विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स की आलोचना के बाद, आठ डब्ल्यूबीबीएल क्लब और एक ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) टीम अब राज्य टीमों की जगह नए महिला घरेलू टी-20 टूर्नामेंट की नींव रखेगी। पहले टूर्नामेंट की मूल रूप से राज्य-आधारित होने की योजना बनाई गई थी। टूर्नामेंट का उद्देश्य डब्ल्यूबीबीएल के छोटे नियमित सत्र की भरपाई करना था, जिसमें 40 मैच खेले जाने हैं। हालांकि, विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स, जिनकी डब्ल्यूबीबीएल में दो-दो टीमें हैं, इस मॉडल से खुश नहीं थे और चिंतित थे कि उनके कुछ सीमांत खिलाड़ियों को खेलने का मौका नहीं मिलेगा। नई नौ टीमें प्रतियोगिता डब्ल्यूबीबीएल सीजन से पहले होने वाली है, जिसमें प्रत्येक टीम सेमीफाइनल, फाइनल और शीर्ष चार प्लेऑफ से पहले चार मैच खेलेगी।

## शारजाह शतरंज: अरविंद चिदंबरम हारे, गंवाई बढ़त

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंरबरम को सातवें दौर में ईरान के बार्दिया दानेश्वर के खिलाफ बड़ी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ा, जिससे उन्होंने बाजी के अलावा शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में बढ़त भी गंवा दी। दानेश्वर के खिलाफ हार के साथ अरविंद शीर्ष स्थान से संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर खिसक गए। सैम शैंकलैंड ने अमेरिका के अपने हमवतन हेंस मोके नीमैन को हराया जिससे उनके ईरान के खिलाड़ी के बराबर अंक हो गए हैं। दानेश्वर और शैंकलैंड दोनों के 5-5 अंक हैं। दानेश्वर के खिलाफ अरविंद अच्छी स्थिति में थे, लेकिन इसके बाद उन्होंने बड़ी गलती करते हुए बाजी गंवा दी। भारत के अर्जुन एरिगेसी ने ईरान के परहम माघसूदलू से ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से एरिगेसी दानेश्वर और शैंकलैंड से आधा अंक पीछे चल रहे हैं। अरविंद के भी पांच अंक हैं।

# केदारनाथ धाम में तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा केदार के दर्शन

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग**



उत्तराखंड की धामी सरकार चारधाम यात्रियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं के लिए न केवल संकल्पित है, अपितु इसको सुगम बनाने के लिए हर दिन आला अधिकारियों को दिशा-निर्देशित कर समीक्षा भी कर रही है।

इसी का परिणाम है कि 11 दिनों में केदारनाथ धाम में अब तक 3 लाख 19 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके हैं। यह एक नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से केदारनाथ धाम दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों का अतिथि देवो भवः की परंपरा से स्वागत किया जा रहा है। अब तक 3,19,193 श्रद्धालु श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं, जो 11 दिनों में एक नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है।

## कांग्रेस नेताओं ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को दिल्ली में वीर भूमि पर कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान राहुल गांधी ने पिता को श्रद्धांजलि दी। वहीं, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने उन्हें याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में सुनवाई की और उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा हिंदू पक्ष की दलील सुनने के बाद अगली सुनवाई शुक्रवार के लिए निर्धारित कर दी है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की अदालत कर रही है। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने अपनी दलील में कहा कि 12 अक्तूबर 1968 को हिंदू पक्ष और वक्फ बोर्ड के बीच एक समझौता हुआ था, जिसके जरिए विवादित संपत्ति शाही ईदगाह को सौंपी गई थी।

## बीएसई का बाजार मूल्यांकन 5 ट्रिलियन डॉलर के पार



**मुंबई।** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की मार्केट कैप 21 मई को 5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है। शेयर बाजार इतिहास में यह पहला मौका है, जब बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का कुल बाजार मूल्यांकन इस आंकड़े को पार कर गया है। बीते करीब पांच महीने में बीएसई के बाजार मूल्यांकन में करीब 633 अरब डॉलर की वृद्धि हुई है। इस साल की शुरुआत में यह 4.14 ट्रिलियन डॉलर था। भारतीय बाजार में पिछले कुछ समय से तेजी बनी हुई है। बीएसई बेंचमार्क सेंसेक्स अपने ऑल टाइम हाई से करीब 1.5 प्रतिशत के करीब नीचे कारोबार कर रहा है, लेकिन, बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स ऑल टाइम हाई पर हैं। 2024 की शुरुआत से सेंसेक्स ने तो केवल 2.3 प्रतिशत का रिटर्न दिया है, लेकिन, बीएसई मिडकैप और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 16 और 11 प्रतिशत का रिटर्न दे चुके हैं।

## सेंसेक्स 53 अंक टूटा निफ्टी में मामूली बढ़त

**एजेंसी, मुंबई**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को लगभग 53 अंक के नुकसान में रहा।

एशिया तथा यूरोप के बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 52.63 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,953.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,189.19 तक गया और नीचे में 73,762.37 अंक तक आया। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 27.05 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,529.05 अंक पर बंद हुआ।

## पंजाब: मुख्यमंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे पूर्व डीजीपी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ प्रदेश के पूर्व डीजीपी विरेश कुमार भावरा ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर जबरन पद से हटाने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य सरकार के इस फैसले के विरोध में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अदालत ने अब केस की अगली सुनवाई के लिए 4 जुलाई की तारीख तय की है। यह अर्जी वकील बिक्रमजीत सिंह पटवालिया और सुखमणि पटवालिया के माध्यम से दाखिल की गई। भावरा ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की बेंच के समक्ष दाखिलअपनी अर्जी में उन्होंने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर आरोप लगाया है कि उसने उनके ऊपर अवैध काम करने के लिए दबाव डाला था।

## नियंत्रण रेखा पार कर आई पीओके की महिला को वापस भेजा

**पुंछ/जम्मू।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से भारतीय हिस्से में आई 45 वर्षीय महिला को मंगलवार को नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला दो दिन पहले गलती से नियंत्रण रेखा पार भारत की ओर आ गई थी। अधिकारियों ने बताया कि कोटली जिले की सखी नाथ गांव निवासी नसीम फातिमा को भारतीय सेना ने शनिवार रात को राजौरी जिले के नौसेना सेक्टर की सीमावर्ती गांव पुखरेनी के नजदीक हिरासत में लिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों से संपर्क किया और महिला को मंगलवार की दोपहर छकन-दा-बाग के रास्ते मानवीय आधार पर वापस भेज दिया। अधिकारियों ने बताया कि महिला को पाकिस्तानी सेना को सौंपने के मौके पर असैन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन को झटका आज फिर होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सर्वोच्च न्यायालय से मंगलवार को झटका लगा है। जमीन घोटाले में आरोपी हेमंत सोरेन की अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई पूरी नहीं हुई। बुधवार को फिर विचार करेगी। सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू और कपिल सिब्बल के बीच तीखी नोक-झोंक हुई।

## ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के जनाजे में जुटी भीड़



**बखदाद।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के जनाज़े में सड़कों पर हज़ारों लोग इकट्ठा हो गए। रविवार को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत हो गई थी। ईरान ने देश में पांच दिवसीय शोक का एलान किया है। रईसी के शव को गुरुवार शाम उनके जन्मस्थल मशहद में दफ़नाया जाएगा।

## खालिस्तानी आतंकी पन्नू की रवनीत बिट्टू और हंसराज हंस को धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने लुधियाना से बीजेपी प्रत्याशी रवनीत बिट्टू और फरीदकोट से उम्मीदवार हंसराज हंस को धमकी दी है। पन्नू ने बिट्टू को अपने दादा को याद करने के लिए भी कह दिया है।

आतकी पन्नू की तरफ से एक वीडियो जारी किया गया है। वीडियो में आतंकी पन्नू कह रहा है कि रवनीत बिट्टू और हंस राज हंस सुन लें। तुमने पंजाब के किसानों को कत्ल करने की धमकी दी है। यह पंजाब है, यहां कत्ल का बदला कत्ल होता है। बिट्टू याद कर ले अपने दादे व बाबा बेअंत सिंह को। संदेश है पन्नू का, अगर एक भी किसान का कत्ल हुआ तो कत्ल का बदला कत्ल होगा।

इसके साथ ही वीडियो में आतंकी पन्नू ने एक बार फिर पंजाब के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रोकने के लिए उकसाया है।

## सोना 75 हजार चांदी 96 हजार पार

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज जबरदस्त तेजी है। सोना ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंच कर कारोबार कर रहा है। चांदी भी जोरदार छलांग लगाकर अपने सर्वोच्च शिखर पर है। सोने की कीमत में आज 750 रुपए प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है, जिसके कारण 24 कैरेट सोना का भाव 75 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया है। सोने की तरह ही चांदी ने भी आज तेज छलांग लगाई है। इस तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 96,600 रुपए प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

## बेल्जियम को हराकर भारतीय जूनियर हॉकी टीम की शानदार शुरुआत

**एजेंसी, एंटवर्प**



श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किए। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 था, लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की।

तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढ़त कायम रही। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढ़त थी।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने दबाव बनाए रखा और पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दाग दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिए गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किए। भारतीय गोलकीपर प्रिंसदीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे मैकगुर्क और शॉर्ट : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**एजेंसी, सिडनी**

आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि करिश्माई युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे टीम में कुछ अलग लेकर आते हैं।



बाइस वर्ष के फ्रेसर मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाए, जिसमें 32 चौके और 28 छक्के शामिल थे। उन्हें टी-20 विश्व कप के लिए आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अब वह रिजर्व के तौर पर जाएंगे। मैकडोनाल्ड ने सेन रेडियो से कहा,''ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर बेहतरीन सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट मध्यक्रम का बल्लेबाज होने के साथ स्पिनर भी है।'' टीम में किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही इन्हें खेलने का मौका मिलेगा। कोच ने कहा,''ये दोनों अंतिम 15 में नहीं है लिहाजा किसी के चोटिल होने पर ही खेल सकते हैं। हमारे पास दो उम्दा विकल्प के रूप में ये दोनों खिलाड़ी हैं।''

## एकता ने क्लब थ्रो में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, कोबे (जापान)**




भारत की एकता भयान ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20-12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा-एथलेटिक चैंपियनशिप में महिलाओं की एफ-51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था।

एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14-56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12-70 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

एकता डॉक्टर बनना चाहती थी, लेकिन 2003 में एक सड़क दुर्घटना ने उनके सारे सपने छीन लिए। वह कैब में जा रही थी जब दिल्ली-हरियाणा सीमा पर एक ट्रक उनकी कैब पर उलट गया। वह तब से व्हीलचेयर पर है। उस हादसे में छह अन्य छात्रों की मौत हो गई थी।

## आईपीएल एलिमिनेटर राजस्थान के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती

**एजेंसी, अहमदाबाद**



संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कठिन चुनौती होगी, जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है।

एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था, लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही। दूसरी ओर आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेआफ में जगह बनाई। रॉयल्स चार हार और एक वर्षा बाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।

## वेन्नम रैंकिंग में चौथे स्थान पर, भारत क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर

**एजेंसी, येचियोन**



एशियाई खेल चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के चौथे स्थान पर रहने से तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में भारतीय कंपाउंड महिला टीम क्वालीफाइंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

विश्व कप में सत्र के पहले शंघाई चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाने के बाद ज्योति शीर्ष तीन में रहने से तीन अंक से चूक गई। वह तीसरे स्थान पर रही दक्षिण कोरिया की ओह युहयुन (707 अंक) से तीन अंक पीछे रह गई। हान सियुंगियोन पहले और लक्जेमबर्ग की मारिया शकोल्ना दूसरे स्थान पर रही। भारत की परनीत कौर आठवें और विश्व चैंपियन अदिति स्वामी 15वें स्थान पर रही।

भारतीय टीम दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही। भारत को क्वार्टर फाइनल में बाय मिलेगा जहां उसका सामना सातवीं वरीयता प्राप्त इटली से होगा।

नसीहत | संन्यास के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने को लेकर बोले धोनी-

# उम्र के हिसाब से कोई भी आपको छूट नहीं देता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि भले ही वह पूरे साल क्रिकेट नहीं खेलते हैं, लेकिन जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलते हैं तो कोई भी उन्हें उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता है।

42 वर्षीय धोनी मौजूदा आईपीएल 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व में सीएसके के लिए खेले, जिन्हें उन्होंने इस सीजन से पहले कप्तानी सौंपी थी। धोनी ने कहा कि सबसे कठिन बात यह है कि मैं पूरे साल क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए मुझे फिट रहना होगा। एक बार जब मैं आऊंगा, तो मैं उन युवाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर रहा होता हूं जो फिट हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना आसान नहीं है, कोई भी आपको उम्र के हिसाब से छूट नहीं देता है।



अगर आप खेलना चाहते हैं, तो आपको दूसरे लोगों की तरह फिट रहना होगा। आपको खान-पान की आदतों में बदलाव और थोड़ा प्रशिक्षण करना होगा। आजकल सभी चीजें सोशल मीडिया पर हैं, शुक्र है कि मैं सोशल मीडिया पर नहीं हूं, इसलिए कम ध्यान भटकता है।

धोनी ने यह भी कहा कि अपने क्रिकेट करियर के चरम के दौरान जब वह सभी प्रारूपों में सक्रिय थे, तब उन्हें परिवार के साथ समय बिताने की याद आती थी, क्योंकि वह हमेशा क्रिकेट, विज्ञापन आदि में व्यस्त रहते थे। फिलहाल धोनी के भविष्य को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है और केवल वही बता सकते हैं कि वह अगले संस्करण में शामिल होंगे या नहीं।